दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 241
कोटद्वार बुधवार
4 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## पहाड़ी से गिरकर युवती घायल

**बागेश्वर।** बागेश्वर में कपकोट तहसील के पेठी गांव की एक युवती पहाड़ी से असंतुलित होकर गिर गई। साथ गए अन्य लोगों ने उसे खाई से निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल भर्ती कपकोट तहसील के पेठी निवासी 20 साल की करिश्मा पुत्री दन पाल आर्या ने बताया कि सोमवार को अपनी बकरियों को लेकर जंगल गई थी। लौटते समय उसका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर खाई में गिर गई। साथ में आए अन्य लोगों ने उसे वहां से निकाला और कपकोट अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां घायल का इलाल चल रहा है।

## अजनाला में भारत-पाक बार्डर पर घुसपैठ की साजिश नाकाम, बीएसएफ ने ढेर किया घुसपैठिया

**अजनाला (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तहसील अजनाला के अधीन आती सीमावर्ती चौकी छन्ना के पास बीएसएफ ने घुसपैठ की साजिश को नाकाम किया। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने फायरिंग कर घुसपैठिए को मार गिराया। सूत्रों के मुताबिक मृतक के पास से एक राइफल भी बरामद हुई है। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हुई है। वहीं, थाना थाना भिंडी सैदां के अधीन आती चौकी गुलगढ़ के पास बार्डर पर ड्रोन की हलचल देखी गई। इस पर जवानों ने फायरिंग की। बीएसएफ जवानों ने ड्रोन की तलाश में तलाशी अभियान चलाया है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से हथियार और नशीले पदार्थ भेजने के कई मंसूबे बीएसएफ ने फेल किए हैं।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, चार दिन पहले मोदी ने दिखाई थी हरी झंडी

**कोलकाता (एजेंसी)।** चार दिन पहले ही शुरू की गई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर सोमवार देरात पथराव हुआ। ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी से हावड़ा लौट रही थी। मालदा जिले के कुमारगंज के पास ट्रेन पर पत्थर दें के गए। इस पथराव से ट्रेन के ष्ट-13 कोच के गेट के शीशे में दरार भी आ गई।

30 दिसंबर, 2022 को हावड़ा और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूद्गी में इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर इसका विधिवत संचालन शुरू किया था। इससे पहले भी सेमी-हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटनाएं हुई हैं। 15 दिसंबर 2022 को छत्तीसगढ़ में नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर दें के गए थे, इसके चलते ट्रेन की खिड़की का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था। हालांकि यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ था। यह घटना दुर्ग और भिलाई स्टेशनों के बीच हुई थी।

इस घटना के मात्र चार दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ किया था।

## ओडिशा में एक और रूसी नागरिक की मौत

**पारादीप (एजेंसी)।** ओडिशा में एक और रूस नागरिक की हत्या हो गई है। 15 दिनो में ये तीसरी घटना है। मंगलवार को ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले के पारादीप बंदरगाह में डेरा डाले एक जहाज में एक रूसी नागरिक मृत मिला। उसकी पहचान मिल्याकोव सर्गेई के रूप में हुई। 51 साल का सर्गेई जहाज श्एम बी अलदना का मुख्य इंजीनियर था।

# पुलिस की देख-रेख में पंचतत्व में विलीन हुई युवती

## अंतिम संस्कार में जुटी भारी भीड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंझावला मौत मामले में मंगलवार शाम को युवती का अंतिम संस्कार किया गया। कड़ी सुरक्षा में शव को श्मशान पहुंचाया गया। अंतिम यात्रा में पुलिस बल के साथ लोगों की भारी भीड़ भा जुटी। मंगोलपुर खुर्द के वाई ब्लक स्थित श्मशान भूमि में पुलिस की देख-रेख में अंतिम संस्कार हुआ।

अंतिम यात्रा में शामिल वाहन पर पोस्टर लगा हुआ है, जिसमें युवती को न्याय चाहिए लिखा हुआ है। अंतिम यात्रा में लोगों की भारी भीड़ है। पुलिस बल भी साथ में है।



युवती के शव का पोस्टमर्टम सोमवार शाम तीन डक्टरों के पैनल ने किया था, जिसकी रिपोर्ट मंगलवार दोपहर आ गई। स्पेशल सीपी (ल एंड अर्डर) एसपी हुडा ने बताया कि पोस्टमर्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि युवती की कार से घसीटने से मौत हुई है।

मौत का कारण सिर, रीढ़, बाएं फीमर, दोनों पैर में चोट के कारण खून बहना और सदमे से बताया गया है। यह चोटें कार से युवती को टक्कर मारने और घसीटे जाने के बाद आई हैं। साथ ही बताया कि पीड़िता के शरीर पर ऐसी कोई चोट नहीं है, जिससे लगे कि युवती के साथ दुष्कर्म हुआ हो। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की फाइनल रिपोर्ट बाद में आएगी। पीड़िता के घरवालों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही केजरीवाल ने कहा है कि इस दुख की घड़ी में दिल्ली सरकार पीड़िता के परिवार के साथ खड़ी है। साथ ही केजरीवाल ने कहा कि भविष्य में कोई जरूरत हुई तो वह भी सरकार की ओर से पूरा किया जाएगा।

नव वर्ष की रात पर दिल्ली के कंझावला इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया। शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार बलेनो कार चालक ने एक स्कूटी सवार युवती को टक्कर मारी। इस टक्कर के बाद जमीन पर गिरी युवती टायर के बीच में फंस गई थी। इस दौरान युवती को चालक ने करीब 10-12 किलोमीटर तक घसीटा था। पुलिस की टीम ने कार में सवार पांचों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। जिनके नाम मनोज मित्तल, दीपक खन्ना, अमित खन्ना, ष्णन और मिथुन हैं। सोमवार को दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने पांचों को तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया।

मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से बात कर घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की और मामले की आला अधिकारियों से जांच करवा विस्तृत रिपोर्ट जल्द सौंपने को कहा है। गृहमंत्री के निर्देश पर संजय अरोड़ा ने विशेष आयुक्त आर्थिक अपराध शाखा शालिनी सिंह को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक घटना है, आरोपियों को फांसी होनी चाहिए। एलजी विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि कंझावला-सुल्तानपुरी में हुए अमानवीय अपराध से मेरा सिर शर्म से झुक गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की राक्षसी संवेदनहीनता से स्तब्ध हूं।

## एनएचएआई का बड़ा बयान

# घटनास्थल पर नहीं था कोई गड्ढा

**रुड़की ।** क्रिकेटर ऋषभ पंत की कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के पीटे की वजह को लेकर उठे विवादों की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। कार डिवाइडर से क्यों टकराई। इसे लेकर अलग-अलग बयान आए हैं। पहले एक बयान डीडीसीए के निदेशक और फिर मुख्यमंत्री का भी आया था।

इसमें गड्ढे को दुर्घटना का कारण बताया गया था। विवादों के बीच जब एनएचएआई की टीम मौके पर गई तो उन्होंने दुर्घटनास्थल पर गड्ढा नहीं होने की बात कही। टीम ने ये भी कहा कि मौके पर कोई पैचवर्क नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि क्रिकेटर ऋषभ पंत ने कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद डक्टरों को जानकारी दी थी कि उन्हें झपकी आई थी। यही बात पुलिस प्रशासन भी मानकर चल रहा था लेकिन मैक्स अस्पताल, देहरादून पहुंचे डीडीसीए के निदेशक श्याम शर्मा ने जानकारी दी थी कि ऋषभ से हुई बातचीत में



जानकारी मिली है कि दुर्घटना गड्ढे के कारण हुई है।

वहीं इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी ऋषभ पंत से मिलकर हाल जाना था। बाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि ा षभ ने बताया है कि कुछ गड्ढे जैसा सामने आया था। इसके बाद दुर्घटना हो गई।

इन विवादों के बीच एनएचएआई ने स्पष्ट कर दिया है कि वहां कोई गड्ढा नहीं था। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पीएस गुसाईं ने बताया कि जहां पर कार दुर्घटनाग्रस्त हुई है, वहां कोई भी गड्ढा नहीं है। साथ ही यहां पर पूर्व में भी किसी तरह का पैचवर्क नहीं किया गया है। इसके लिए टीम ने निरीक्षण कर जांच भी की है।


## भू-धंसाव से लोगों को चौतरफा खतरा

# घरों और खेतों में दरारें आने के बाद अब हाईटेंशन लाइन के खंभे हुए तिरछे

**जोशीमठ।** उत्तराखंड के जोशीमठ क्षेत्र में हो रहे भू-धंसाव से लोगों को चौतरफा खतरा उत्पन्न हो गया है। मकान और खेतों में दरारें आने के बाद अब हाईटेंशन लाइन के खंभे भी तिरछे हो गए हैं। इससे आसपास के घरों को खतरा पैदा हो गया है। साथ ही खेतों में लगाए माल्टे व सेब के पेड़ दरार गहरी होने के कारण गिरने शुरू हो गए हैं।

नगर के मनोहर बाग वार्ड में सबसे तेज भू-धंसाव हो रहा है। यहां कई घरों और गोशालाओं में दरारें आ गई हैं। वार्ड निवासी मदन कपरवाण ने बताया कि उनकी गोशाला में दरार पड़ने से उन्होंने गाय को अपने मकान में शिफ्ट कर दिया है। उनके घर के पास हाईटेंशन लाइन है।

भू धंसाव से हाईटेंशन लाइन के खंभे तिरटे हो गए हैं। इससे खंभे के आसपास के घरों को खतरा पैदा हो गया है। वहीं भगवती प्रसाद कपरवाण का कहना है कि उनके खेत में लगातार दरार



बढ़ने से खेतों में लगाए माल्टे और सेब के पेड़ भी गिरने शुरू हो गए हैं।

ऊर्जा निगम के जेई डीएस पंवार ने बताया कि मनोहर बाग वार्ड से सूचना मिली है कि वहां जमीन धंसने से बिजली के खंभे लटकने लग गए हैं।

मंगलवार (आज) क्षेत्र में जाकर निरीक्षण किया जाएगा जिसके बाद खतरे की जद में आए खंभे शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर क्षेत्र में भू धंसाव से प्रभावित मकानों का सर्वे करने के लिए प्रशासन की ओर से गठित टीम ने अब तक 90 मकानों का सर्वे पूरा कर लिया है। तहसीलदार रवि शाह ने बताया कि सर्वे में तेजी लाने के लिए दो टीमें बना दी गई है जिससे जल्द सर्वे का काम पूरा किया जा सके।

## सिनेमाघरों में बाहरी खाना-पीना ले जाने पर सुको की अहम टिप्पणी, कहा- थिएटर कोई जिम नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सिनेमा हल के अंदर खाने-पीने की चीजों की बिक्री को लेकर अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने सिनेमाघरों में बाहर से खाने-पीने की चीजों को ले जाने की इजाजत देने के जम्मू हाईकोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि सिनेमा हल के अंदर खाने-पीने की चीजों की बिक्री के लिए नियम और शर्तें तय करने के लिए हल प्रबंधन पूरी तरह से हकदार हैं। एक फिल्म देखने वाले के पास सिनेमाघरों के अंदर उपलब्ध खाद्य और पेय पदार्थों को खरीदने या नहीं खरीदने का विकल्प होता है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा सिनेमा हल जिम नहीं है, जहां आपको पौष्टिक भोजन चाहिए। वह मनोरंजन की जगह है। सिनेमा हल प्रबंधन की निजी संपत्ति है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट ने अपने आदेश में हाईकोर्ट ने बाहरी खाना-पीना हल में ले जाने की इजाजत दी थी।

# तीनों आरोपियों के नार्को टेस्ट पर सुनवाई टली, अब पांच जनवरी को होगा फैसला

## अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपियों के नार्को और पालीग्राफ टेस्ट पर न्यायालय में हुई बहस

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार:** अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपियों के नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने से संबंधित मामले की मंगलवार को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोटद्वार में बहस हुई। इस दौरान दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तिथि पांच जनवरी मुकर्रर की है। उसी दिन कोर्ट अपना फैसला सुनाएगा।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अमित सजवान ने बताया कि आज सुनवाई हुई लेकिन कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं, शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मंगलवार को नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट को लेकर फैसला होना था, लेकिन अब पांच जनवरी तक इंतजार करना होगा। बता दें कि 12 दिसंबर को इस मामले की



सुनवाई में तीन आरोपियों में से दो सौरभ और पुलकित ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नार्को टेस्ट के लिए सहमति प्रदान की थी, जबकि तीसरे आरोपी अंकित ने अदालत से दस दिन का समय मांगा था। इसके बाद 22 दिसंबर की सुनवाई के दौरान तीनों ने आरोपियों के वकील अमित ने अदालत के माध्यम से एसआईटी से सवाल किए थे कि वह ये टेस्ट क्यों कराना चाहती है। पुलिस ने मांग की थी कि पुलकित, सौरभ और अंकित का नार्को व पॉलीग्राफ टेस्ट कराना जरूरी है। आरोपियों ने वीआईपी गेस्ट की जानकारी छुपाई है। साथ ही पुलकित के मोबाइल की जानकारी भी नहीं दी जा रही है। लिहाजा पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट की अनुमति दी जाए। वहीं, मंगलवार को दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तिथि पांच जनवरी मुकर्रर कर दी।

### यह है पूरा मामला

बता दें कि 18 सितंबर की रात को वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने राजस्व पुलिस चौकी में अपनी कर्मचारी अंकिता भंडारी के गुमशुदा होने की शिकायत दी थी। करीब तीन दिनों तक इस मामले की ढिलाई से जांच की गई। इसके बाद शासन के निर्देश पर मामले को रेगुलर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पुलकित आर्य, मैनेजर सौरभ भास्कर और अंकित से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने सारी बात उगल दी।पता चला कि पुलकित और अंकिता के बीच झगड़ा हुआ था। ऋषिकेश से लौटते वक्त अंकिता और पुलकित के बीच नहर किनारे फिर से विवाद हुआ और इस बीच आरोपियों ने अंकिता को नहर में धक्का दे दिया था। पुलिस ने इस मामले में 22 सितंबर को पुलकित, अंकित और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया था।

# नाबार्ड के सहयोग से बढ़ेगी किसानों, बागवानी और छोटे उद्योगों से जुड़े लोगों की आजीविका : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्टेट फोकस पेपर 2023-24 का किया विमोचन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सुभाष रोड, देहरादून स्थित एक होटल में नाबार्ड द्वारा आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार 2023-24 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नाबार्ड द्वारा तैयार किये गये स्टेट फोकस पेपर 2023-24 का विमोचन किया। नाबार्ड द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु उत्तराखण्ड राज्य के लिए प्राथमिकता क्षेत्र में 30301 करोड़ रूपये की ऋण संभाव्यता का आंकलन किया गया है। जो विगत वर्ष की तुलना में 6.22 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नाबार्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में कृषि, बागवानी तथा लघु और मध्यम क्षेत्र के उद्योगों के विकास हेतु इस वर्ष करीब तीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की ऋण योजना तैयार की है। जो पिछले साल की तुलना में 6.22 प्रतिशत अधिक है। यह हमारे किसानों, बागवानी तथा छोटे-छोटे उद्योगों में लगे लोगों की आजीविका बढ़ाने में



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

कारगर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में निवेश और लोन के द्वारा ही विकास और उन्नति संभव है। यह हमारे रिवर्स पलायन मिशन के लिए भी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऋण व्यवस्था की सही प्रकार से निगरानी एवं पारदर्शिता की आवश्यकता होगी, ताकि जरूरतमंद लोगों को ऋण लेने में कोई परेशानी न हो। आम जन योजनाओं का पूरा लाभ ले सकें। ऋण को सही, जरूरतमंद और योग्य लोगों तक सरलता से पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका बैंकों की है। बैंकों को ध्यान देना होगा कि जरूरतमंद और योग्य लोगों को ऋण सम्बन्धित औपचारिकताओं के लिए अनावश्यक न भटकना पड़े। इसके लिए बैंकों को मिशन मोड पर काम करना होगा। नाबार्ड की इस ऋण योजना के आवंटन के लिए प्रत्येक बैंक ब्रांच को एक निश्चित टारगेट के साथ काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण इलाकों में आधारभूत सुविधाओं, सड़क, कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए नाबार्ड का भी लगातार सहयोग मिलता रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के इंफ्रास्टक्चर को मजबूत और आधुनिकतम बनाने पर लगातार कार्य कर रही है, ताकि राज्य के शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी निवेश बढ़े। उन्होंने कहा कि रूद्रप्रयाग, बागेश्वर और टिहरी ऋण की कमी वाले तीन जिलों में ऋण आवंटन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाय।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी, सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, नाबार्ड के प्रभारी अधिकारी डॉ. सुमन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई श्रीमती लता विश्वनाथ, जनरल मैनेजर सुनील कौशिक, डीजीएम निर्मल कुमार, एसएलबीसी के संयोजक नरेन्द्र रावत, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, बीवीआरसी पुरूषोत्तम, दिलीप जावलकर एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# कोविड के नए वैरिएंट के बाद हरिद्वार में आया पहला केस

**रुड़की।** कोविड के नए वेरिएंट के बाद हरिद्वार जिले में पहला मामला सामने आया है। सिविल लाइंस कोतवाली में तैनात एक पुलिसकर्मी की कोरोना रिपोर्ट पजिटिव आई है। पुलिस कर्मी फिलहाल एटीसी हरिद्वार में प्रशक्षिण ले रहा है। सैंपल को जिमोन सिक्वेंसिंग के लिए भेजने के साथ संपर्क में आने वाले अन्य लोगों की जांच भी कराई जा रही है।सिविल अस्पताल में कोरोना की फिर से आरटीपीसीआर जांच शुरू की गई है। कोतवाली सिविल लाइंस में तैनात एक पुलिसकर्मी का प्रमोशन होने पर हरिद्वार में प्रशिक्षण के लिए जाना था। इसके लिए 29 दिसंबर को सैंपल देकर आरटीपीसीआर जांच कराई गई थी। सिविल अस्पताल के सीएमएस ड. संजय कंसल ने बताया कि पुलिसकर्मी की रिपोर्ट पजिटिव आई है। पुलिसकर्मी की रिपोर्ट पजिटिव आने के बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया। कोतवाली में पता करने पर बताया गया कि कर्मी प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार में है। उसके बाद कर्मचारी के नंबर पर संपर्क किया गया। पुलिसकर्मी को आइसोलेट कराने के लिए कहा गया है। बताया गया कि कर्मचारी में कोविड के कोई लक्षण नहीं हैं। एहतियात के तौर पर पुलिसकर्मी के संपर्क में आने वाले अन्य पुलिसकर्मियों की भी कोविड जांच की तैयारी की जा रही है।

पुलिसकर्मी की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। करीब चार माह बाद जिले में कोरोना का यह पहला मामला है। कोरोना के वेरिएंट की जांच कराने के लिए सैंपल को जिमोन सिक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा। सीएमएस ड. ने बताया कि 29 दिसंबर को 29 व्यक्तियों के भेजे गए सैंपल में केवल एक पजिटिव आया है।

# गंगोत्री-यमुनोत्री और हर्षिल में बर्फबारी, मुनस्यारी में -4 तो चकराता में -3 डिग्री पहुंचा तापमान

**देहरादून ।** मौसम के बदले मिजाज के साथ गंगोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में बर्फबारी हुई। उधर, यमुनोत्री धाम में भी सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। बर्फबारी होने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ सेब काश्तकारों के चेहरे भी खिले हैं।



दरअसल, इस सीजन में लोग बारिश-बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। बर्फबारी नहीं होने से खासकर सेब काश्तकार चिंतित थे। हालांकि बीते 24 दिसंबर को हर्षिल में बर्फबारी हुई थी लेकिन कम होने से ज्यादा फायदा नहीं हुआ। मंगलवार शाम को गंगोत्री धाम के साथ हर्षिल घाटी में बर्फबारी हुई। वहीं टकनौर क्षेत्रके ग्राम रैथल में भी हल्की बर्फ गिरी। क्षेत्र के माधवेंद्र रावत, मोहन राणा आदि ने बताया कि बर्फबारी होती है तो इससे खेती को पर्याप्त नमी मिलेगी। साथ ही सेब के पेड़ों को भी शीतमान मिलने से लाभ होगा।

# चमोली में 18 परीक्षा केंद्रों पर 4850 परीक्षार्थी देगें परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से आठ जनवरी को आयोजित होने वाली राजस्व उप उपनिरीक्षक/लेखपाल परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने सभी नामित नोडल, अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व उपनिरीक्षक/लेखपाल परीक्षा के लिए जनपद में 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें कुल 4850 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।



उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा से पूर्व सभी केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर आदि मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त करें। घड़ी, स्मार्ट वाच, मोबाइल फोन एवं गैजेट्स परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण प्रतिबंधित रहेंगे। इसलिए सभी परीक्षा कक्षों में दीवार घड़ी अवश्य रहें। परीक्षा केंद्रों की वीडियोग्राफी व सीसीटीवी कैमरों की उचित व्यवस्था की जाए। एडीएम ने पुलिस को परीक्षा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा टीमों को अलर्ट रखने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने नियुक्त सभी अधिकारियों को संवदेनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, सीओ पुलिस नताशा सिंह, मुख्य कोषाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, सीईओ कुलदीप गैरोला, सीएमएस डा. अलिन्द पोखरियाल सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित थे।

## माकपा करेगी आज बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से गुरुवार को बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मंगलवार को जिला कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में परिवहन निगम के निजीकरण करने का विरोध किया गया। इसके अलावा वक्ताओं ने मलिन बस्तियों के नियमतीकरण, स्मार्ट सिटी के कार्यों में सुधार करने, भूमाफियाओं पर शिकंजा कसने समेत अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान राज्य सचिव राजेन्द्र सिंह नेगी, सुरेंद्र सिंह सजवाण, जिला सचिव राजेंद्र पुरोहित, महानगर सचिव अनन्त आकाश, इन्दु नौडियाल, लेखराज, शम्भू प्रसाद ममगाई, कृष्ण गुनियाल, सुधा देवली, हिमांशु चौहान, शेर सिंह, अमर बहादुर शाही, विनोद कुमार, याकूब अली, रंजन सोलंकी आदि मौजूद थे। बैठक से पूर्व दिल्ली पदाधिकारियों और सदस्यों ने दिल्ली की घटना पर दुख प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

# राज्य की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान : गणेश जोशी

देहरादून। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने विधायक निधि से 15 ग्राम पंचायतों की महिला मंगल दल से जुड़ी महिलाओं को साज–सज्जा सामग्री बांटी। मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है। महिलाएं समूहों के माध्यम से अपने जीवन को नई दिशा दी है। सामुदायिक भवन गुनियालगांव में आयोजित कार्यक्रम में काबीना मंत्री गणेश जोशी ने विधानसभा के भगवंतपुर, भितरली, क्यारकुली, चंद्रोटी, गंगोल पंडितवाडी, गल्जवाड़ी, पुरकुल गांव, सिगली, गाजियावाला, बिष्ट गांव, बिलासपुर कांडली, हरियावाला खुर्द, पुरोहितवाला गांव की महिलाओं को साज–सज्जा सामग्री बांटी। मंत्री जोशी ने महिलाओं ने समूहों के माध्यम से अपने जीवन को नई दिशा दी है। महिलाएं अचार, पापड़, अगरबती, ऊनी वस्त्र, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, डेयरी आदि जैसे अनेक आजीविका



उपार्जक कार्य कर रही हैं। सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और उनकी आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कई जन कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है। मंत्री जोशी ने कहा राज्य जब 25 वर्ष का होगा, तब राज्य की करीब 3 लाख 67 हजार स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं में से सवा लाख महिलाओं को आजीविका मिशन के तहत लखपति बनाया जाएगा।मंत्री जोशी ने कहा जल्द ही गुनियाल गांव में उद्यान विभाग के माध्यम से बोटैनिकल गार्डन बनाया जाएगा। इसके अलावा मंत्री जोशी ने कहा कि शीघ्र ही गुनियाल गांव में बिजली घर का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, सीमा जुयाल, महिला मंगल दल अध्यक्ष शिवानी, पूनम, रीना रावत, अनु गुरुंग, रजनी पंवार, रीना, मीना थापा, ममता थापा, तनुजा घले मौजूद रहे।

# तहसील दिवस पर मिली 19 शिकायत, 10 का किया निस्तारण



हरिद्वार। मंगलवार को एसडीएम पूरण सिंह राणा ने तहसील दिवस पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। तहसील दिवस में 19 लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। मंगलवार को तहसील परिसर हरिद्वार में 11 बजे से लेकर 2 बजे तक एसडीएम पूरण सिंह राणा ने लोगों की समस्याओं को सुना। 19 लोग अपनी शिकायतों को लेकर एसडीएम के पास पहुंचे। एसडीएम ने सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और पूर्ति विभाग से संबंधित 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करने के आदेश दिए। जबकि 9 शिकायतें भूमि की पैमाइश और दाखिल खारिज से संबंधित आई। इन शिकायतों पर सुनवाई करते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए हैं। वहीं एक शिकायत में बौंगला निवासी महिला ओमवती ने एसडीएम को शिकायत करते हुए बताया कि वह बड़ी मुश्किलों से अपने घर का निर्माण करा रही हैं। लेकिन उसके पड़ोसी मकान निर्माण करने में अवरोध पैदा कर रहे हैं।

## जमीन धोखाधड़ी के केसों में फरार इनामी महिला गिरफ्तार

देहरादून। जमीन धोखाधड़ी के केसों में करीब एक साल से फरार चल रही 15 हजार रुपये की इनामी महिला को प्रेमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी महिला और उसके पति के खिलाफ पिछले साल पटेलनगर और प्रेमनगर थाने में फर्जीवाड़े से जमीन बेचने को लेकर केस दर्ज हुए। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने प्रेस वार्ता कर घटना के खुलासे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी 2022 को लोकेश ममगाईं निवासी करनपुर ने सुनील कोटनाला, उसकी पत्नी बाला कोटनाला निवासी सेक्टर 110 नोएडा यूपी के खिलाफ केस दर्ज कराया। आरोप लगाया कि दंपति ने जमीन दिलाने का अनुबंध कर उनसे 21.40 लाख रुपये हड़प लिए।

# तहसील दिवस में 29 शिकायतें दर्ज, 12 का किया निस्तारण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज बाड़ा में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जन प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय जनता द्वारा 29 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें 12 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा तहसील दिवस में 52 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवा वितरित की गई, उद्यान विभाग द्वारा 8 लोगों को संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा 10 तथा



पशुपालन विभाग द्वारा 12 पशुपालकों को दवा वितरित की गई। राजस्व विभाग की ओर से सर्दी से राहत एवं बचाव के लिए क्षेत्र के 6 गरीब परिवारों को कंबल वितरित किए गए। तहसील दिवस में कांडाधार के ग्रामीणों ने गांव में मिलन केंद्र बनाए जाने, बाड़ा के ग्रामीणों ने बाड़ा गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने, बाड़ा गांव के वार्ड सदस्य द्वारा बाड़ा गांव से प्राथमिक विद्यालय तक जीर्ण-शीर्ण रास्ते को दुरस्त बनाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया। पिपली की प्रधान सुनीता देवी रावत ने ग्राम पिपली में पशु सेवा केंद्र में भवन निर्माण की मांग की। फतेहपुर निवासी पुष्पा देवी ने उनके पति को विगत 8 माह से किसान पेंशन नहीं मिलने, बामसू गांव की कांता देवी ने 29-30 जून, 2022 की मध्य रात्रि में हुई अत्यधिक बारिश के कारण उनकी गौशाला क्षतिग्रस्त होने, बामसू की ऊषा देवी द्वारा गौशाला निर्माण धनराशि का भुगतान न होने की शिकायत दर्ज की गई।

## एक नजर

### रंगारंग कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ महोत्सव का समापन

रुद्रप्रयाग : विकासखण्ड जखोली के सिलगढ़ पट्टी में आयोजित तीन दिवसीय सिलगढ़ महोत्सव का कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों एवं पुरस्कार वितरण के साथ ही सम्पन्न हो गया है। अन्तिम दिन विधायक भरत सिंह चौधरी ने रिबन काट कर व दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया है।

इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने सिलगढ़ पट्टी वासियों द्वारा भव्य आयोजन करने पर क्षेत्रीय जनता को बधाई देते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से जहां एक ओर हमारी युवा पीढ़ी को लोक संस्कृति की प्रस्तुति करने का अवसर प्राप्त होता है, वहीं मेला आयोजन से हमारे बीच आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना भी पैदा होती है। विधायक भरत सिंह चौधरी ने मेले के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने लस्तर बांया सिंचाई नहर व सड़कों के सुधारीकरण व नर्माण कार्य शुरू करने की कार्रवाई के आदेश भी विभागीय अधिकारियों को दिए।

### जलागम कर्मियों का मुख्यालय पर धरना

देहरादून। जलागम कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को जलागम निदेशालय में धरना दिया। उन्होंने इसके बाद मुख्य परियोजना निदेशक को ज्ञापन देकर कहा कि अगर मांगों पर जल्द कार्रवाई ना हुई तो उग्र आंदोलन होगा। जलागम प्रबंध कार्मिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री प्रेम प्रकाश ने कहा कि जलागम निदेशालय की स्थापना से ही स्थापित क्षेत्रीय परियोजना निदेशक कार्यालय संचालित किये जा रहे थे। लेकिन वर्तमान समय में निदेशालय के अंतर्गत कियान्वित तीन परियोजनाओं के होते हुये भी क्षेत्रीय परियोजना निदेशक कार्यालयों को संरचना में नहीं रखा गया है। यानी क्षेत्रीय परियोजना निदेशक कार्यालयों को बंद किया जा रहा है। यदि यह सही है तो जलागम विभाग के सभी घटक संघ इसका घोर विरोध करते हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष सोहन रावत ने कहा कि 2017 में विभागीय पुनर्गठन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।

# काबीना मंत्री ने जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से की चर्चा

### सुबोध ने ली बैठक

नई टिहरी : काबीना मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में नरेंद्रनगर पालिका सभागार में मई-जून में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन को लेकर सम्बंधित प्रस्तावित कार्यों को लेकर बैठक की गई। बैठक में अधिकारियों से तैयारी के कार्यों को लेकर गहनता से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि देश में जी-20 देशों का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तराखंड में 25, 26 व 27 मई एवं 26, 27 व 28 जून को दो विभिन्न कार्यक्रम किये जाने प्रस्तावित हैं। जिसमें कार्यक्रम विधान सभा नरेन्द्रनगर क्षेत्रान्तर्गत होना भी प्रस्तावित है।

बैठक में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल का आवागमन जौलीग्राण्ट एयरपोर्ट से चिन्हित



होटल के लिए वर्णित मोटर मार्गों पर सुरक्षात्मक कार्यवाही करवाने, सफाई व्यवस्था, सौन्दर्यीकरण, ट्रैफिक रूट प्लान, हैलीपैड, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, पुलिस व्यवस्था, विद्युत, मेडिकल व्यवस्था, स्टॉल, होमस्टे व व्यू प्वाइंट व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम को एक उपलब्धि के रूप में देखें। आपसी समन्वय से जो भी सम्भावनाएं हैं। एक तंत्र तैयार करें, जिससे देश–विदेश में यहां से एक अच्छा संदेश जाये। उन्होंने कहा कि यह हमारे प्रदेश एवं जनपद के लिए एक सुनहरा मौका है, अपनी क्षेत्र की विविधता, संस्कृति, योगा, पर्यटन, ईको टूरिज्म को देश दुनिया तक पहुंचाने को। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार अवसर भी प्राप्त होगें। विभागों द्वारा तैयार किये गये प्रस्ताव के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कहा कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यों की राय लेकर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग आपसी समन्वय से बैठक कर जो भी समस्याएं हो उनका निस्तारण समय रहते कर लें। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि जी-20 को लेकर सभी विभाग अपने-अपने प्रस्ताव इसी सप्ताह फाइनल करा दें। बैठक में अधिकारियों को काम सौंपे गए।

## डीएवी कालेज पहुंचे एसएसपी ने किया स्वच्छता और नशामुक्ति को लेकर जागरूक

देहरादून। एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर मंगलवार को डीएवी कालेज पहुंचे। जहां उन्होंनें छात्र–छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश दिया। इस दौरान कालेज प्रशासन और नव गठित छात्र संघ की ओर ये चुनावी बैनर पोस्टर हटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में भी उन्होनें भाग लिया।

उन्होनें कालेज के शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ के साथ मिलकर पोस्टर भी हटाए। इसके बाद कालेज के आसपास भी सफाई अभियान चलाकर लोगों को भी जागरूक किया। उन्होनें नए छात्रसंघ को बधाई देते हुए भविष्य में संयम व अनुशासन बनाये रखते हुए अपने लक्ष्य की ओर निरन्तर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया।

## उत्तरकाशी जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ मिली मुकदमे की अनुमति

देहरादून। उत्तरकाशी जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण के खिलाफ मुकदमे की शासन ने अनुमति दे दी है। पुलिस मुख्यालय ने दो बार दीपक के खिलाफ मुकदमे की फाइल शासन को भेजी थी। जिसे आखिरकार शासन ने मंजूर कर लिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक एसआईटी को जांच में अनियमितताओं का पता चला था, जिसके पर्याप्त साक्ष्य भी एसआईटी ने जमा किए थे। जिनके आधार पर शासन से मुकदमे की अनुमति मांगी थी। ताकि उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा सके। पिछले साल जनवरी में जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरकाशी दीपक बिजल्वाण के खिलाफ एसआईटी जांच के आदेश दिए गए थे। उन पर आरोप था कि 2018–19 में जिले में जो विकास कार्य करवाए गए थे उनमें अनियमितताएं बरती गई हैं। इन विकास कार्यों की संख्या 748 है। एसआईटी ने नवंबर माह में जांच पूरी करने के बाद अध्यक्ष के खिलाफ मुदकमा दर्ज करने की मांग को लेकर फाइल शासन भेज दी थी। लेकिन, शासन ने इस जांच में कुछ जरूरी तथ्यों को शामिल करने के निर्देश दिए थे। इसमें कुछ निर्माण स्थलों में फोटोग्राफ, बिल आदि शामिल करने को कहा गया था। इन सभी को एसआईटी ने पूरा कर 28 दिसंबर को शासन को दोबारा फाइल भेजी थी। सोमवार को विशेष गृह सचिव रिद्धिम अग्रवाल ने मुकदमे की अनुमति के आदेश किए।



## आयुष्मान सोसायटी के अध्यक्ष बोले, मरीजों को दें बेहतर इलाज

देहरादून। आयुष्मान सोसायटी के अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस डीके कोटिया और सीईओ अरुणेंद्र चौहान मंगलवार को दून अस्पताल पहुंचे। उन्होंने यहां पर आयुष्मान योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और वार्डों का दौरा किया। यहां बनाए जा रहे प्राइवेट वार्ड के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान निदेशक डा. आशुतोष सयाना, एमएस डा. युसुफ रिजवी, डीएमएस डा. धनंजय डोभाल, आयुष्मान नोडल अधिकारी डा. अनुराग अग्रवाल, डा. मुकेश उपाध्याय, एओ दीपक राणा, सीपीआरओ महेंद्र भंडारी, पीआरओ दिनेश रावत आदि मौजूद है। दोनों अफसर यहां डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की बैठक ले रहे हैं।

# पर्यटन क्षेत्र में प्रदेश में भावी संभावनाओं को लेकर मुख्य सचिव ने की पर्यटन विभाग के साथ विस्तृत चर्चा

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग के साथ पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में भावी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य सचिव ने सचिव पर्यटन को पर्यटन प्रदेश में आर्थिकी और रोजगार का महत्त्वपूर्ण साधन है। चारधाम यात्रा के साथ ही प्रदेश के पर्यटक स्थल इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सप्ताहांत में पूरे सालभर अधिकतम पर्यटक दिल्ली एनसीआर से आते हैं, और दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस–वे बन जाने के बाद जब दिल्ली–एनसीआर के पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, उसके लिए हमें अभी से तैयारियां शुरू करनी होंगी। मुख्य सचिव ने कहा कि इसके लिए हमें पर्यटकों को नए पर्यटक स्थल और नए साहसिक खेलों को शामिल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश–विदेश में अभी पर्यटन के क्षेत्र में क्या–क्या नया हो रहा है, और उन में से उत्तराखण्ड में क्या–क्या किया जा सकता है, इसकी एक लिस्ट तैयार की जाए। प्रदेश में पर्यटन की दृष्टि से यहां की भौगोलिक एवं प्राकृतिक स्थिति के अनुसार पर्यटन गतिविधियों की 02 कैटेगरी तैयार किए जाने के निर्देश दिए, जिसमें कैटेगरी ह्यएह्य में ऐसी गतिविधियों को रखने के निर्देश दिए जिन्हें तुरन्त शुरू किया जा सकता है एवं कैटेगरी ह्यबीह्य में ऐसे गतिविधियां रखी जाएं जिन्हें शुरू किए जाने के लिए पहले कई प्रकार के कार्य किए जाने हैं।



# अवैध निर्माण एवं अवैध पातन प्रकरण जांच में संलिप्ता परिलक्षित होने पर सम्बन्धित कार्मिकों का निलम्बन

देहरादून। एनफील्ड टी० कम्पनी विकासनगर में अनुमति से अधिक वृक्षों का पातन किये जाने तथा साल वृक्षों का अवैध पातन किये जाने तथा ग्राम सलियावाला तहसील विकासनगर जिला देहरादून के प्लॉट संख्या 262छ एवं 309क में अवैध निर्माण एवं अवैध पातन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के क्रम जिलाधिकारी सोनिका ने गत दिवस उक्त क्षेत्रों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिलाधिकारी विकासगनगर को जांच करने के निर्देश दिए गए थे। जांच में दोनों ही प्रकरणों में कार्मिकों की संलिप्तता परिलक्षित होने पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित कार्मिकों का निलम्बन किया गया है।एनफील्ड टी० कम्पनी विकासनगर कि प्रकरण में जांच में कार्मिकों की संलिप्ता परिलक्षित होने पर होने जिलाधिकारी ने तत्कालिक नायब तहसीलदार (से,नि) के विरूद्व प्राथमिकी दर्ज करने तथा राजस्व उप निरीक्षक जय सैनी को निलम्बित करने के आदेश दिए गए है। इसी प्रकार सलियावाला तहसील विकासनगर जिला देहरादून के प्लॉट संख्या 262छ एवं 309क में अवैध निर्माण एवं अवैध पातन शिकायतों के सम्बन्ध में जांच में प्रकरण में क्षेत्र में अतिक्रमण एवं निर्माण की सूचना उच्चाधिकारियों को न दिए जाने तथा कार्मिकों की संलिप्ता परिलक्षित होने पर जिलाधिकारी द्वारा सरदार सिंह चैहान, राजस्व निरीक्षक झाझरा, प्रदीप कुमार तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक झाझरा तथा शोभाराम जोशी, राजस्व उप निरीक्षक झाझरा को अपने दायित्वो का निर्वहन न किये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, इसी क्रम में एनफील्ड टी० कम्पनी विकासनगर के प्रकरण में उप जिलाधिकारी, विकासनगर द्वारा अवगत कराया गया है कि जय सिंह सैनी, राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा अपनी आख्या में स्थल पर कोई बाग/पेड़ नहीं है का उल्लेख किया गया है, जबकि स्थलीय निरीक्षण के दौरान वन विभाग के टीम द्वारा जंगल साल का होना बताया गया। प्रश्नगत प्रकरण में स्थलीय निरीक्षण ना करते हुए उच्चाधिकारियों को लापरवाही पूर्वक/भ्रामक आख्या प्रेषित की गयी, जिसे तत्कालीन नायब तहसीलदार विकासनगर पंचम सिंह नेगी जो वर्तमान में सेवा निवृत्त हो गये है, उनके द्वारा अपने अधिकारों के विपरित जाते हुए नियम विरूद्ध उक्त अनुमति जारी की गयी है। उप जिलाधिकारी, विकासनगर द्वारा तत्कालीन नायब तहसीलदार तथा तत्कालीन राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कठोरतम अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की गयी है।

जय सिंह सैनी राजस्व निरीक्षक विकासनगर द्वारा बिना क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक से आख्या प्राप्त कर स्वयं ही अपनी आख्या में स्थल पर कोई बाग/पेड़ नहीं है, का उल्लेख किया गया है, जोकि संदिग्ध प्रतीत होती है, जबकि स्थलीय निरीक्षण के दौरान वन विभाग के टीम द्वारा जंगल साल का होना बताया गया । प्रश्नगत प्रकरण में स्थलीय निरीक्षण ना करते हुए उच्चाधिकारियों को लापरवाही पूर्वक/भ्रामक आख्या प्रेषित की गयी है तथा उप जिलाधिकारी, विकासनगर की हैसियत से नायब तहसीलदार (से.नि) पंचम सिंह नेगी द्वारा समतलीकरण की अनुमति बिना मौका नक्शा/फर्द के दी जानी अपने अधिकारों के विपरित जाते हुए नियम विरुद्ध है । उप जिलाधिकारी, विकासनगर की संस्तुति के आधार पर जय सिंह सैनी, राजस्व निरीक्षक को निलम्बित करते हुए विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही गतिमान की जाती है तथा उप जिलाधिकारी. ऋषिकेश को जाँच अधिकारी नामित किया गया है। जबकि उप जिलाधिकारी विकासनगर को नायब तहसीलदार से.नि पंचम सिंह नेगी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।सलियावाला तहसील विकासनगर के प्लॉट संख्या 262छ एवं 309क में अवैध निर्माण एवं अवैध पातन के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी विकासनगर की आख्या अनुसार स्थल पर किये गये निर्माण कार्य को देखते हुए विदित होता है कि उक्त कार्य काफी समय से चल रहा है, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक तथा राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को इसकी कोई सूचना नही दी गयी।

## सावित्रीबाई फुले को किया याद

**कोटद्वारः** शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से भारत की प्रथम महिला शिक्षिका स्व. सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संगठन के सिमलचौड़ स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 18वीं शताब्दी को क्रांतिकारियों के जन्म का युग कहा गया है। इसी युग में लार्ड मैकाले द्वारा भारत में शिक्षा के द्वार खोले गये थे। इस पर देश में अनोखी क्रांति आरंभ हुई थी। इसके आरंभ में महात्मा ज्योतिबाराव फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले की शिक्षा की क्रांति के विराट रूप से पूरा विश्व परिचित है। वक्ताओं ने मांग की कि सावित्रीबाई फुले के नाम पर प्रदेश में दो विद्यालय स्थापित किए जाने चाहिए ताकि सभी को उनके क्रांतिकारी महिला व प्रथम महिला शिक्षिका होने संबधी बातों का भी पता चल सके। कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष विकास आर्य, अनूप पाठक, धीरज बछवाण, जयदेव आर्य, मनवर लाल भारती, कविता भारती, शूरवीर खेतवाल और प्रीति देवी आदि थे।

# विक्रेताओं को कोटद्वार कृषि मंडी से ही खरीदनी होगी सब्जी

### कृषि मंडी समिति के अध्यक्ष ने ली सब्जी विक्रेताओं की बैठक



कोटद्वार के कृषि मंडी में सब्जी विक्रेता की बैठक लेते कृषि मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार के सब्जी विक्रेताओं को कोटद्वार कृषि मंडी से ही सब्जी खरीदनी होगी। इसके बाद भी यदि कोई विक्रेता नजीबाबाद से सब्जी खरीदकर उसे शहर में लाता है तो उसे चार गुना शुल्क देना होगा। इसके लिए कृषि मंडी की विशेष टीम भी गठित की गई है। विक्रेताओं को नजीबाबाद व दामों पर ही कोटद्वार कृषि मंडी से सब्जी उपलब्ध करवाई जाएगी।

कोटद्वार में कृषि मंडी स्थापित होने के बाद भी सब्जी विक्रेता नजीबाबाद मंडी से सब्जी खरीदकर उसे कोटद्वार शहर में बेच रहे थे। जिसके विरोध में सोमवार को कृषि मंडी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कौड़िया चैक पोस्ट पर पहुंचकर नजीबाबाद से शहर में आ रहे सब्जी के वाहन रूकवाया दिए थे। कृषि मंडी के अधिकारियों का कहना था कि नियमानुसार, शहर में सब्जी बेचने वालों को कोटद्वार कृषि मंडी से ही सब्जी खरीदनी होगी। नजीबाबाद से सब्जी लेकर आ रहे विक्रेताओं के कारण कोटद्वार कृषि मंडी को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को कृषि मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने सब्जी विक्रेताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद या अन्य स्थानों से शहर में सब्जी बेचने वालों पर कृषि मंडी चार गुना शुल्क लगाएगी। इसके लिए मंडी की विशेष टीम भी गठित की गई है। जो सुबह के समय कौड़िया चेक पोस्ट पर तैनात रहेगी। उन्होंने कृषि मंडी के अधिकारी व कर्मचारियों को भी सब्जी विक्रेताओं के साथ बेहतर व्यवहार रखने के निर्देश दिए।

# नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील



परसुंडाखाल में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** इंटर कालेज परसुंडाखाल के स्वयंसेवियों ने नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते हुए आमजन से इसके खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

मंगलवार को विद्यालय परिसर से रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गांव-गांव घूमकर आमजन के प्रति जागरूक किया। इससे पूर्व कार्यक्रम अधिकारी सुरजी नेगी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। कहा कि विद्यार्थियों को नशे जैसी बुराई के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। रैली के उपरांत गांव के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान देने की अपील की। कहा कि हमें सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान विनोद सिंह बिष्ट सहायक अध्यापक गौरव नेगी, विजेंद्र नेगी, विनोद सिंह नेगी, गीता देवी, किशोर दास, जगदीश प्रसाद, अर्जुन सिंह, नीलम देवी, सज्जन बिष्ट, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

# साइबर सेल ने पैसे वापस कराकर पीड़ितों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जनपद पौड़ी गढ़वाल में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने साइबर सेल टीम को पीड़ितों की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उनके साथ ठगी की गई राशि को वापस दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। साइबर सेल की टीम ने तीन पीड़ितों के खाते में ठगी की गई धनराशि को वापस करवाया है। ठगी की रकम मिलने एवं त्वरित कार्यवाही कराने पर पीड़ितों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे एवं साइबर सेल टीम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे की ओर से साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु गठित साइबर सेल को जनपद में साइबर ठगी सम्बन्धी किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चन्द सुयाल के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन विभव सैनी के पर्यवेक्षण में साइबर सेल द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए साइबर ठगी का शिकार हुए लोगों के खातों में धनराशि वापस कराई जा रही है। इस अभियान के क्रम में संदीप बिष्ट निवासी बालासौड़ के खाते से आनलाइन पीजी बुकिंग के नाम पर ठगी 18,020 रुपए की धनराशि की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए 18,000 रूपए की धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराई गई। साथ ही शुभम मैंदोली निवासी शिवपुर के खाते से आनलाइन साइकिल आर्डर के नाम पर ठगी गई 13,000 रूपए व ऋषि रावत निवासी निम्बूचौड़ के खाते से ऑनलाईन मोबाईल बुकिंग के नाम पर ठगी गई 12,700 रुपए की धनराशि को पीड़ितों के खाते में वापस कराया गया। एसएसपी श्वेता चौबे ने लोगों से किसी अज्ञात व्यक्ति के कॉल और मैसेज से सावधान रहने, ओटीपी और एटीएम पिन शेयर न करने, अंजान लिंक, ऑनलाइन जॉब ऑफ से संबंधित लिंक पर क्लिक न करने, अंजान क्यूआर कोड स्कैन न करने की अपील की है। एसएसपी ने कहा कि जागरूकता से ही साइबर ठगी से बचा जा सकता है। कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना एवं साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। साइबर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल राजेन्द्र सिंह खोलिया, उपनिरीक्षक जयपाल सिंह चौहान, कांस्टेबल अरविन्द राय, विमला नेगी, उत्तम सिंह आदि शामिल थे।

## युवा वॉलीबॉल क्लब प्रथम टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**श्रीनगर गढ़वाल :** युवा वॉलीबॉल क्लब की ओर से गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन परिसर स्थित मैदान में आयोजित सीजन-1 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मैच का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि आयुष मिंया ने किया। प्रथम मैच प्रमोद फैंसी क्लब और युवा वॉलीबॉल क्लब प्रथम के बीच खेला गया। जिसमें युवा वॉलीबॉल क्लब प्रथम ने प्रमोद फैंसी क्लब को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच डांगचौरा क्लब व एमसीसी की टीम के बीच खेला गया। जिसमें डांगचौरा की टीम ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच देवदर्शन क्लब देवलगढ़ व चाचा वॉलीबॉल क्लब के बीच हुआ। जिसमें देवदर्शन क्लब देवलगढ़ की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता में बुद्धिप्रकाश रतूड़ी, महावीर कंडारी, पुष्कर चौहान, कुलदीप रावत, पंकज नैथानी, गजपाल, विनोद आदि ने सहयोग दिया। (एजेंसी)

# समाज सेवा के लिए भुलाया नहीं जा सकता बौंठियाल का योगदान

### भाजपा नेता स्व. मोहनलाल बौंठियाल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



ऐता गांव में स्व. मोहन लाल बौंठियाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भारतीय जनता पार्टी के नेता स्व.मोहन लाल बौंठियाल की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने समाज सेवा में दिए गए बौंठियाल के योगदान को याद किया। कहा कि बौंठियाल ने सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया।

मंगलवार को दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम ऐता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, लैंसडौन विधायक दिलीप रावत, यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट, पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, दैनिक जयन्त के संपादक नागेंद्र उनियाल सहित तमाम भाजपा नेताओं ने स्व.मोहन लाल बौंठियाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि मोहन लाल बौंठियाल ने विद्या भारती में रहकर सरस्वती शिशु मंदिरों की स्थापना में भी अहम योगदान दिया।

साथ ही रामजन्म भूमि आंदोलन व उत्तराखंड राज्य आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। मोहन लाल बौंठियाल 1958 में बाल स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े थे। दो वर्ष बाद उन्होंने जनसंघ में प्रवेश किया। 1980 में भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने लगातार संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया। समाज सेवा के लिए दिन गए बौंठियाल को योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, पंड़ित राकेश चंद्र लखेड़ा, सत्यप्रकाश थपलिया, प्रवेश नवानी, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस ने फूंका परिवहन मंत्री का पुतला

**पौड़ी :** बीते शनिवार से एजेंसी चौक में खड़ी रोडवेज की खराब बस अभी तक ठीक नहीं होने से आक्रोशित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एजेंसी चौक में प्रदर्शन करते हुए परिवहन मंत्री का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि रोडवेज की बस कहीं पर भी खराब हो जा रही है। जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। कहा कि यदि यहां पर किसी आम आदमी की गाड़ी खड़ी होती तो प्रशासन के द्वारा चालान काट दिया जाता, लेकिन न तो परिवहन विभाग उसको वहां से हटा रहा है न ही ठीक कर रहा है।

मंगलवार को एजेंसी चौक में प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आशीष नेगी ने कहा कि भाजपा के परिवहन मंत्री एसी बसों में घूम रहे हैं और आम आदमी की सवारी सरकारी रोडवेज की स्थितियां बद से बदतर होती जा रही है। कहा कि बीते शनिवार को पौड़ी से देहरादून जा रही रोडवेज की बस शहर के एजेंसी चौक में खराब हो गई। जिससे बस में सवार लोगों को दूसरे वाहन से देहरादून जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस बस के चलते एजेंसी चौक में यातायात भी बाधित हो रहा है। यहां पर आए दिन जाम लग रहा है। कहा कि जल्द ही इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन करने वालों में युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष भंडारी, नगर अध्यक्ष अंकित सुंदरियाल, सागर भारती, सोनू, अयाज खान, शशिकांत चमोली, अमन, मुकुल आदि शामिल थे।

# लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट हों कार्यकर्ता

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व संगठन महामंत्री ने ली कार्यकर्त्ताओं की बैठक




कोटद्वार में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट

**कोटद्वार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट व संगठन महामंत्री अजय ने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से जन–जन तक सरकार की योजनाओं को भी पहुंचाने की बात कही।

मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष व संगठन मंत्री ने सिद्धबली मार्ग स्थित वन विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धीरे–धीरे लोकसभा चुनाव भी नजदीक आने लगा है। आगामी चुनाव में भी भाजपा को प्रदेश की सभी सीटों पर जीत मिले इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से मेहनत करनी होगी। संगठन से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का प्रयास करें। संगठन महामंत्री अजय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्त्ताओं की मेहनत से ही केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। आगे भी सत्ता बनी रहें इसके लिए कार्यकर्ताओं को और अधिक बेहनत से कार्य करना होगा। इस मौके पर लैंसडौन विधायक दलीप रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, चंद्रमोहन जसोला, ऋषि कंडवाल, सुनीता कोटनाला आदि मौजूद रहे।

## आनलाइन ठगों से वापस दिलवाई रकम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः आनलाइन पीजी, साइकिल व मोबाइक खरीदने के नाम पर उपभोक्ताओं से ठगी गई रकम को साइबर सेल ने वापस दिलवाया है। इस दौरान टीम ने आमजन को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी न दें।

प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल राजेंद्र सिंह खोलिया ने बताया कि 17 अक्टूबर को बालासौड़ निवासी आनलाइन पीजी बुकिंग के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया और व्यक्ति ने पीजी बुकिंग के नाम पर उनसे 18 हजार रुपये की डिमांड की। बताया कि व्यक्ति पर भरोसा कर उन्होंने उसके खाते में पैसे डाल दिए। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें पता चला उक्त व्यक्ति साइबर ठग था। वहीं, 11 नवंबर को शिवपुर निवासी शुभम मैंदोली ने आनलाइन साइकिल का आर्डर किया था। इसके लिए उन्होंने 13 हजार रुपये की आनलाइन पेमेंट भी कर दी थी। लेकिन आर्डर के बाद भी उन्हें साइकिल नहीं मिली। इसी तरह की घटना निंबूचौड़ निवासी ऋषि रावत के साथ भी हुई। उन्होंने ने भी 12 हजार सात सौ रुपये में आनलाइन मोबाइल बुक किया था। लेकिन, मोबाइल प्राप्त नहीं हुआ। बताया कि सभी व्यक्तियों के खाते में उनसे ठगी गई रकम को वापस दिलवाया गया।

# मुख्यमंत्री की 116 घोषणाएं पूर्ण, 43 कार्य प्रगति पर, 92 पर भूमि हस्तातंरण की कार्यवाही गतिमान



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए डीएम डॉ. आशीष चौहान।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** मुख्यमंत्री घोषणा के संबंध में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य प्रगति पर हैं उनका कार्य समय पर पूर्ण करें। जनपद में मुख्यमंत्री की 251 घोषणाओं में से 116 पूर्ण चुकी हैं, जबकि 43 कार्य प्रगति पर व अन्य पर भूमि हस्तातंरण की कार्यवाही की जा रही है। डीएम ने समस्त कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री घोषणा के कार्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण करें। कहा कि जिन घोषणाओं में वन भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही होनी है उसे 15 दिन के भीतर पूर्ण करें।

मंगलवार को मुख्यमंत्री घोषणा की बैठक में जिलाधिकारी ने संस्कृति विभाग द्वारा श्रीनगर में ऑडिटोरियम निर्माण कार्य की प्रगति कम होने पर नाराजगी जताई। डीएम ने कार्यदाई संस्था गढ़वाल मंडल विकास निगम को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने लैंसडौन विधानसभा के अंतर्गत मिनि स्टेडियम हेतु भूमि चयन की कार्यवाही न करने पर युवा कल्याण अधिकारी को फटकार लगाते हुए जल्द भूमि का चयन करने, उपजिलाधिकारी कोटद्वार को कोटद्वार में रोडवेज बस अड्डा, अर्धसैनिक बल की कैंटिन के लिए भूमि का चयन करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन योजना के तहत हो रहे कार्यों में तेजी लाते हुए पूर्ण करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीएस बृजवाल, अधीक्षण अभियंता पेयजल संजय सिंह, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनंद भारद्वाज, अधिशासी अभियंता लैंसडौन पीएस बिष्ट, दुगड्डा डीपी सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय सहित अन्य उपस्थित थे।

## लंबी कूद में अनिरूद्ध और दौड़ में ईशा ने मारी बाजी



कबड्डी प्रतियोगिता में जुझते हुए खिलाड़ी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी द्वारा विकास क्षेत्र कोट में स्थित खेल मैदान खौलाचौरी में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुई। लंबी कूद में अनिरूद्व ग्राम खड़ेत प्रथम, दीपक जुयाल ग्राम नवन द्वितीय, गणेश ग्राम जामलाखाल तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिया में युवा मंडल कठूड़ की ईशिका मेहरा-कंचन रौथाण की जोड़ी विजेता एवं युवा मंडल जामला की पूनम-नैंसी की जोड़ी उपविजेता रही। 100 मी. दौड़ में ईशा राणा ग्राम दालमी प्रथम, दीक्षा ग्राम खोलाचौरी द्वितीय, साक्षी पंवार ग्राम जामला तृतीय स्थान पर रही।

पुरुष वर्ग की बॉलीबाल प्रतियोगिता में युवा मंडल मिन्थी ने युवा मंडल देहलचौरी को 15-7 के अंतर से फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। कबड्डी प्रतियोगिता में युवा मंडल देहलचौरी ने युवा मंडल खोला को 41-39 के अंतर से पराजित किया। निर्णायक की भूमिका में राकेश सिंह कठैत रहें। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवी हरिओम ध्यानी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्रांच मैनेजर विशाल भानु ने विजेता टीमों को टी-शर्ट, मेडल तथा प्रमाण-पत्र देकर पुरूस्कृत किया। प्रतियोगिता में ग्राम दालमी, खेलाचौरी, जामला, खड़ेत, नवन, मिन्थी, देहलचौरी, कठूड़, खोला, बालमणा, गैरोलगांव, घीड़ी, सबधरखाल, आर्यनगर, टपराड़ी, थमाणा, आदि गांवों के युवा मंडलों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय कुमार, ओम प्रकाश, पूजा जुयाल, कंचन रौथाण, सौम्या डोभाल, दीक्षित गैरोला, अक्षित चौहान आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक ने किया गणित दीवार पत्रिका का संपादन



अल्मोड़ा : अटल उत्कृष्ट राइंका जालली में शिक्षक ललित मोहन सिंह ने छात्रों को गणित शिक्षण के लिए गणित दीवार पत्रिका का संपादन किया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी छात्रों ने गणित दीवार पत्रिका निर्माण किया। इससे गणित विषय की छात्र-छात्राओं को सरलतम विधि से बोर्ड परीक्षाओं के पेपर हल करने में मिलती है। इससे छात्र अच्छे अंकों और श्रेणी में उत्तीर्ण होते हैं। शिक्षक ललित मोहन सिंह विद्यालय में दीवार पत्रिका, टीएलएम फाइल, मैथ्स प्रोजेक्ट, ग्रेट मैथमेटिशियन फाइल, फॉर्मूला डायरी, टीएमएम टॉयज के अलावा एक्स्ट्रा एक्टिविटीज नवाचार के कार्य करवाते हैं। (एजेंसी)

## पुलिस ने नशे के इंजेक्शनों के साथ दो युवकों को पकड़ा

काशीपुर : पुलिस ने नशे के 1494 इंजेक्शन के साथ बाइक सवार दो युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि पकड़े गये आरोपी यूपी के रामपुर क्षेत्र से सस्ते दामों में नशे के इंजेक्शन लाकर सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में महंगे दामों पर बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत केस दर्ज किया है।

मंगलवार को कुंडा थाने में एएसपी अभय प्रताप सिंह व सीओ वंदना वर्मा ने मामले का खुलासा किया। बताया कि एसएसपी के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम को थानाध्यक्ष कुंडा दिनेश फत्र्याल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। सोमवार की शाम गठित टीम ने नये ढेला पुल के पास बाइक सवार दो युवकों को रोक लिया।

युवकों के कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में रखे 1494 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गये युवकों ने अपना नाम यूपी के ग्राम मिलक नौखरीद, थाना स्वार जिला रामपुर निवासी सुमित कुमार पुत्र रामअवतार तथा सुल्तानपुर पट्टी निवासी मो. असलम पुत्र मकसूद बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 8/22/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। टीम में कुंडा थानाध्यक्ष दिनेश फत्र्याल, एसआई कैलाश देव, कांस्टेबल नरेश चौहान, हेमंत कुमार शामिल रहे। (एजेंसी)

# जलागम कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : दो सूत्रीय मांगों को लेकर जलागम कर्मियों ने कार्यबहिष्कार कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालयों को बंद न करने की मांग की। कर्मियों ने मांगों को लेकर सकारात्मक कार्रवाही न होने की स्थिति में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को जलागम प्रबंधन कार्मिक महासंघ के बैनर तले कर्मियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

कहा कि क्षेत्रीय परियोजना निदेशक कार्यालयों को बंद किया जा रहा है, पूर्व में कुछ कार्यालयों में ताला लग चुका है। अन्य जगहों पर भी कार्यालयों को बंद करने की तैयारी की जा रही है। विभाग के ढांचे के पुर्नगठन की फाइल शासन में लंबित पडी है, जिसपर कोई कार्रवाही नहीं की जा रही है। उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन के जिला महामंत्री बिजेंद्र लुंठी ने कहा कि इस तरह की नीतियां न सरकार के हित में हैं और न कर्मचारियों के हित में है। सरकार को पुर्नगठन के बजाए नए पदों का सृजन करना चाहिए। उन्होंने सरकार से कार्यालयों को बंद न करने व विभाग के ढांचे के पुर्नगठन की मांग की है। उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन के मंडलीय महामंत्री सौरभ चंद,एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र राणा, संयुक सचिव पंकज खोलिया ने भी कर्मियों के आंदोलन को समर्थन दिया।

# एमएमएस सिस्टम लागू करने के विरोध में उतरे ग्राम प्रधान



अल्मोड़ा : सरकार द्वारा मनरेगा कार्यों में एमएमएस सिस्टम लागू किए जाने का ग्राम प्रधानों ने विरोध किया है। ग्राम प्रधान संगठन भैंसियाछाना के अध्यक्ष चंद्र सिंह मेहरा के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने इस व्यवस्था के विरुद्ध खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2023 से मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों का मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम से 11 बजे तक हाजिरी बनाना अनिवार्य कर दिया है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि यह असंभव है इससे विकास योजना बाधित होंगी। ज्ञापन में कहा गया है कि पहाड़ी राज्य में कई गांव में नेटवर्क की समस्या है। कई गांव ऐसे भी हैं जहां आज तक मोबाइल नेटवर्क की सुविधा भी नहीं है। इससे मनरेगा मजदूरों की हाजिरी फोटो के साथ अपलोड करना नामुमकिन है। ज्ञापन में कहा गया है कि मनरेगा कार्यों में पूर्व की भांति मस्टरोल निकालने का प्रावधान नहीं रहेगा तो मनरेगा योजनाओं में कार्य करना असंभव हो जाएगा। ग्राम प्रधानों ने चेताया है कि यदि यह बाध्यता समाप्त नहीं की गई तो ग्राम प्रधान मनरेगा के कार्यों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष चंद्र सिंह मेहरा, ग्राम प्रधान दियारी प्रेमा बिष्ट, ग्राम प्रधान नौगांव हेमा देवी, ग्राम प्रधान लिंगुणता वीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कांचुला दीवान सिंह, ग्राम प्रधान पांडेतोली हीरा देवी, ग्राम प्रधान उटियां सुनीता देवी, ग्राम प्रधान डूंगरलेख गीता चम्याल, ग्राम प्रधान दसों हरीश सिंह, ग्राम प्रधान हटोला धरम सिंह, ग्राम प्रधान खांकरी राजन सिंह, धीरज नेगी आदि लोग शामिल रहे। (एजेंसी)

## घरों में आ रही सीलन का टीम ने किया निरीक्षण

अल्मोड़ा : भू वैज्ञानिक और सिंचाई विभाग की टीम ने मंगलवार को अल्मोड़ा के राजपुरा और खत्याड़ी पहुंचकर घरों में आ रही सीलन का निरीक्षण किया। घरों में आ रहे भारी सीलन को देख टीम भी दंग रह गई। टीम ने सीलन के लिए पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होना और संबंधित क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को कारण माना। बताया कि इसके समाधान के लिए डीएम के निर्देश पर इन क्षेत्रों में ड्रेनेज प्लान की मजबूत व्यवस्था बनाई जा रही है। बकायदा एक फेज के ड्रेनेज प्लान को शासन से मंजूरी भी मिल चुकी है। दूसरे फेज के प्लान को भी इसी माह मंजूरी मिलने की पूरी संभावना है। लोगों ने इस प्रयास के लिए डीएम और धर्म निरपेक्ष युवा मंच का आभार जताया। (एजेंसी)

# एसडीएम की जांच में आरटीआई कार्यकर्ता पर लगाए आरोप निराधार, नहीं मिले साक्ष्य

रुद्रपुर : एसडीएम की जांच में आरटीआई कार्यकर्ता निखिलेश घरामी के खिलाफ किसी भी आरोप की पुष्टि नहीं हुई है। ग्राम प्रधान संगठन ने जांच के दौरान कोई भी साक्ष्य नहीं दिया। ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने आरटीआई कार्यकर्ता निखिलेश घरामी के खिलाफ आरटीआई लगाकर ब्लैक मेल करने का आरोप लगाते हुए सीडीओ को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा था। सीडीओ विशाल मिश्र ने इसकी जांच जिला पंचायत अधिकारी व एसडीएम सितारगंज को सौंपी थी।

ग्राम प्रधानों का आरोप था कि सूचना को बार-बार मांगकर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता निखिलेश घरामी समाज में छवि धूमिल कर रहे हैं। एसडीएम ने जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किये। एक ग्राम प्रधान ने शिकायती पत्र में भूलवश हस्ताक्षर करने के बयान दिये। इधर निखिलेश घरामी ने अपने बयान में आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्होंने भ्रष्टाचार के लिए आरटीआई लगायी थी। इसमें करोड़ों के घोटालों का पर्दाफाश कर चुके हैं। राशन घोटाले, अनियमितताओं में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई भी हो चुकी है। कुछ में कार्रवाई विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि सूचना पूरी नहीं मिलने पर अपील में जाने का अधिकार है। जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं ने कोई साक्ष्य जांच अधिकारी को प्रस्तुत नहीं किया। एसडीएम ने पंचायत संबंधी प्रकरणों की जांच के लिए जिला पंचायत अधिकारी को निर्देशित करने का अनुरोध किया है। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि उन्होंने जांच रिपोर्ट भेज दी है। जिला पंचायत अधिकारी भी जांच कर रहे हैं। (एजेंसी)

## यात्रियों की परेशानी बरकरार

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा रोडवेज से यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी नए साल में भी बरकरार है। चालकों की कमी से नए साल में भी नियमित बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। मंगलवार को भी नियमित सेवाओं में से दो मार्गों में बसों का संचालन बंद रहा। जिस वजह से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। (एजेंसी)

# पशुपालन मंत्री ने सिंगापुर के हे गोट डेयरी फार्म में ली जानकारी

रुद्रपुर : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सिंगापुर के हे गोट डेयरी फार्म का निरीक्षण कर तकनीक की जानकारी ली। उन्होंने डेयरी हाउस के प्रबंधक से राज्य के बकरी पालकों को प्रशिक्षण देने की अपील की। राज्य के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड के बाद अब सिंगापुर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने लिम चू कांग, सिंगापुर में सचालित हे डेयरी गोट फार्म का निरीक्षण किया।

मंत्री ने बताया कि फार्म हाउस में बकरी पालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि एक हजार एकड़ में फैले गोट डेयरी फार्म में अल्पाइन, न्यूबियन, टोगनवर्ग व सानेन प्रजाति की एक हजार से अधिक बकरियां हैं। वर्तमान में 300 बकरियां दूध दे रही हैं। रोजाना एक हजार लीटर का दुग्ध उत्पादन होता है। यह दूध ऊंचे दामों पर बिक्री होता है। फार्म हाउस को पिकनिट स्पॉट के रूप में भी विकसित किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राज्य में पशुपालन, दुग्ध उत्पादन की अपार सम्भावनायें हैं। यहां बकरी पालन को प्रमुख व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, सिंगारपुर के पशुपालकों की तरह आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जायेगा। पशुपालकों को इसका प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन देशों के साथ एमओयू साइन कर भविष्य में आधुनिक तकनीक से पशुपालन किया जायेगा। यहां भेड़, ऊन विकास बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ अविनाश आनंद, भारतीय उच्चायुक्त सिंगापुर के प्रोटोकॉल अधिकारी सौरभ दास, हे डेयरी के एमडी जॉन हे और ले हे शामिल रहे। (एजेंसी)

## उत्तरायणी महोत्सव की तैयारियां शुरू

रुद्रपुर : संस्कार भारती के सहयोग से मकर सक्रांति पर उत्तरायणी महोत्सव कराया जा रहा है। इसे लेकर राम लीला कमेटी ने बैठक बुलाई। मंगलवार को रामलीला मंच में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों, भूतपूर्व सैनिक, व्यापारियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों व युवाओं ने हिस्सा लिया। 14 को उत्तरायणी महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही लोगों को व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया। संस्कार भारतीय प्रदेश नाट्य प्रमुख गिरीश दुबे, संस्कार भारती नगर इकाई अध्यक्ष इंदर सिंह राठौर, नंदन सिंह कोश्यारी, विजेंद्र यादव, ओमप्रकाश डोगरा मौजूद रहे। (एजेंसी)

# अब सस्ता गल्ला की दुकानों से मिलेगा टेक होम राशन

रुद्रपुर : आंगनबाड़ी केंद्र की माता समिति के माध्यम से वितिरत होने वाला टेक होम राशन और कुक्ड फूड अब सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से दिया जाएगा। इसकी प्रक्रिया अंतिम चरणों में है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने ऊधम सिंह नगर के सभी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों के सूचना शासन को भेज दी है। उन्होंने बताया कि यह केंद्र सरकार की योजना है। जिसमें एफसीआई और राज्य सरकार के बीच एमओयू साइन होना बाकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह वर्ष मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

निदेशालय महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने राज्य के समस्य जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभागों को पत्र जारी कर योजना की जानकारी दी है।

पत्र से गेंहू आधारित पोषाहार कार्यक्रम के संचालन और क्रियान्वयन की जानकारी दी गई है।

जिसमें गेहूं/चावल फॉर्टीफाइड एवं मोटा अनाज भारत सरकार की ओर से अनुपूरक पोषाहार कार्यक्रम में दिया जाएगा। राज्य में लागू वर्तमान व्यवस्था से हटकर अब गेहूं आधारित पोषाहार कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्रों से लाभार्थियों को दिया जाएगा। यह योजना पांच दिसंबर से लागू की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मोटा अनाज जिसमें मडुवा, मोटी दालें शामिल हैं। उसकी राज्य में क्या उपलब्तधता है यह देखा जा रहा है। इसमें लाभार्थी को माह में तीन किलो चावल, दो किलो गेहूं जो कि फोर्टिफाइड होगा इसके अलावा एक किलो मंडुवा दिया जाएगा। जो उपलब्धता के अनुसार मोटा अनाज होगा।

### 14827 लोगों को मिलेगा लाभ

खटीमा : खटीमा में इस योजना का लाभ 14827 लोगों को मिलेगा। इसमें छः माह से तीन वर्ष के बच्चे, धात्री व गर्भवती महिलाएं, तीन वर्ष से छह वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। इनको प्रति व्यक्ति पांच किलो गेहूं, चावल व मोटा अनाज दिया जाएगा।

### नवंबर तक मिलेगा कुक्ड फूड

उदय प्रताप सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि नवंबर तक तीन वर्ष से छः वर्ष तक के आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को कुक्ड फूड दिया गया है। टीएचआर का जो भी राशन वितरित किया गया है। उसका बजट आने के बाद धनराशि माता समितियों को जारी की जाएगी। अब आगे केंद्र सरकार की योजना के अनुरूप ही पांच किलो राशन का वितरण किया जाएगा।

## टैक्सियों का संचालन नियमानुसार कराया जाए

पिथौरागढ़ : मां पूर्णागिरि टैक्सी एसोसिएशन ने टैक्सियों के सही संचालन किए जाने की मांग की है। उन्होंने मामले में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। मंगलवार को पूर्णागिरि टैक्सी एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन कुमार ने एसडीएम सुंदर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा पूर्णागिरि यूनियन की टैक्सियां का संचालन जगह-जगह से किया जा रहा है। कुछ वाहन चालक तो मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन आदि जगहों से सवारियों को ढ़ो रहे हैं। बताया कि मना करने के बाद वाहन चालक आक्रोशित हो रहे हैं। उन्होंने नियमों के अनुसार वाहनों का संचालन किए जाने की मांग की है। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह धामी, महासचिव नरायण सिंह गैड़ा, सचिव दीपक चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष विकास सिंह, विनोद आदि रहे। (एजेंसी)

## रोडवेज डिपो के परिचालकों को मिला वर्दी भत्ता

काशीपुर : रोडवेज डिपो के कार्य पटलों पर तैनात परिचालकों को अब वर्दी भत्ता मिल चुका है। पटलों पर तैनात परिचालक काफी समय से इसकी मांग कर रहे थे। इससे पहले रूट पर जा रहे चालक-परिचालकों को वर्दी भत्ता मिल चुका है जिसको लेकर पटलों पर तैनात परिचालक भी वर्दी भत्ते की मांग कर रहे थे। वरिष्ठ केंद्र प्रभारी हरेंद्र सिंह नितवाल ने बताया कि डिपो से 12 परिचालकों के वर्दी भत्ते कि मांग भेजी गई थी। जिनके खातों में तीन-तीन हजार वर्दी भत्ता आ चुका है।(एजेंसी)

## 11 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी जयंती

काशीपुर : इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक काउंट सीजर मेटी की 214वीं जयंती 11 जनवरी को जसपुर खुर्द रोड स्थित रिसोर्ट में मनाई जाएगी। जिसमें उत्तराखंड के सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों के साथ-साथ अन्य प्रदेशों के चिकित्सक भाग लेंगे। इलेक्ट्रो होम्योपैथी एसोसिएशन आंफ इडिया के अध्यक्ष डॉ. जेपी वशिष्ठ ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री होंगे। जिनसे वार्ता चल रही है। अध्यक्षता मेयर ऊषा चौधरी करेंगी और विशिष्ट अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा तथा वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली होंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। (एजेंसी)

## एसएसपी ने स्मार्ट वर्क के लिए प्रेरित किया

अल्मोड़ा : पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में गोष्ठी आयोजित की गई। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने पुलिस कर्मियों को नए साल में नई ऊर्जा के साथ पूर्णमनोयोग से कार्य करने की प्रेरणा दी। सभी को अपने कार्य को बेहतर तरीके से करते हुए स्मार्ट वर्क के लिए भी प्रेरित किया।

# विदेश भेजने के नाम पर महिला से ठगे 10.20 लाख




काशीपुर : कुवैत भेजने के नाम पर महिला से 10.20 लाख रुपये हड़पने व रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला महेशपुरा निवासी अफसर जहां ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उसने कहा कि उसकी पहचान यूपी के मोहल्ला तराई, शेरकोट जिला बिजनौर निवासी शमशाद अहमद पुत्र इसरार अहमद से हुई। एक दिन शमशाद उसके घर आया और कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। इस समय विदेश में अच्छी नौकरी की मांग है। यदि कोई जाना चाहता है तो वह कुवैत भिजवा सकता है। उसने एक व्यक्ति का खर्च तीन लाख रुपये बताया। शमशाद की बात में आकर उसने अपने परिचित शाहरुख खान, फुरकान अली, तनवीर व कादिर हुसैन को कुवैत भेजने का खर्च 2.70 लाख में तय किया। उसने शमशाद को 5.70 लाख रुपये नकद व 4.50 लाख रुपये बेटी के खाते से उसको ट्रांसफर किये। बाद में जब शमशाद से वीजा व टिकट मांगा तो वह टालमटोल करने लगा। नौ सितंबर 2022 को जब उसने रकम वापस मांगी तो वह गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। (एजेंसी)

## युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भुल्लर का स्वागत किया

काशीपुर : युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सुमित्र भुल्लर का जसपुर खुर्द रोड स्थित साहनी रिसोर्ट में समस्त कांग्रेस जनों द्वारा फूलमालाओ से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्र भुल्लर का स्वागत किया गया। इस दौरान स्वागत करने वालों में संदीप सहगल एडवोकेट, प्रभात साहनी चेतन अरोरा, तौकीर अंसारी, जितेंद्र सरस्वती, अनीस अंसारी मुशर्रफ हुसैन, वसीम अकरम, अलका पाल, राजू छीना, अब्दुल शकील, हरीश सिंह एडवोकेट, मोनिश आशी, सरिम सैफी, मंसूर अली मंसूरी, अनित मारकंडे आदि तमाम कांग्रेस जन मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कार्यकर्ता आगामी चुनाव को लेकर जमीनी स्तर से कार्य करें : टोलिया

पिथौरागढ़ : कांग्रेस के संगठिक जिले डीडीहाट के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मनोहर टोलिया का यहां कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस दौरान एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में टोलिया ने कहा सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव को लेकर जमीनी स्तर से कार्य करें। बैठक में प्रदेश सचिव राजेंद्र बोरा, वरिष्ठ कांग्रेसी गणेश कन्याल, उदय सिंह मेहता, जि.पं. सदस्य बंशीधर भट्ट, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव हिमांशु चुफाल, दिवाकर पांगती, ललित भंडारी, सभासद कर्वींद्र शाही, बिक्रम देउपा, गिरधर बोरा, गोपाल खड़ायत, अंशु कन्याल, प्रकाश बोरा, गोविंद कन्याल, गुलाब बोरा, कमला पंचपाल, हंसा, कविता, नीमा, छात्रसंघ अध्यक्ष अजय अवस्थी, पिंकी सामन्त, राहुल खड़ायत, अंजलि कन्याल, डिम्पल मेहता समेत अनेक तल्लाजोहार एवं गोरिछाल के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## दीपक ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारी की

पिथौरागढ़ : भाजपा नेता दीपक तिवारी ने भाजयुमो में जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की है। मंगलवार को दीपक ने बताया कि वह पूर्व से छात्रहितों के लिए संघर्ष करते आए हैं।

# लोनिवि पर लगाया आरोप

पिथौरागढ़ : वड्डा-पिथौरागढ़ मोटर मार्ग पर बने गड्ढों में पीडब्लूडी पर घटिया डामर करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने आक्रोश प्रकट किया है। कहा है कि जगह-जगह रोड़ियां बिछी हैं।

जिससे दुर्घटनाओं का खतरा पैदा हो गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य व कांग्रेस नेता अमित जोशी ने कहा की दो सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने पीडब्लूडी के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध जताया था। उसके बाद भी विभाग को गंभीर नहीं है। कहा कि अधिकारी आम जनमानस की समस्या को लेकिर चिंतित नहीं हैं। क्षेत्र की जनता लगातार बाजार में स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग करती रही। कहा कि इसके बाद भी अभी तक ब्रेकर नहीं लग पाये हैं। जोशी ने कहा की जल्द से जल्द डामरीकरण व स्पीड ब्रेकर न लगे तो जिलाधिकारी कार्यालय में धरना दिया जाएगा। (एजेंसी)

## स्कूटी चोरी

रुद्रपुर : चोरों ने बिगवाड़ा से घर के सामने खड़ी स्कूटी उड़ा ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में सुखलाल राणा पुत्र राम दास राणा निवासी कौशल्या फेस-2 बिगवाड़ा का कहना था कि उनके बेटे विमल कुमार राना के नाम से एक स्कूटी है।

## भाजयुमो प्रदेश मंत्री का किया भव्य स्वागत

पिथौरागढ़ : भाजयुमो के प्रदेशमंत्री रोहित ओझा का जिला मुख्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ता ऐंचोली स्थित पेट्रोल पंप पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने ऐंचोली से बाइक रैली निकाली। इस दौरान जगह-जगह प्रदेश मंत्री का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। प्रदेशमंत्री रोहित ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो भरोसा उनपर जताया है वह उसे पूरा करने का हरसंभव प्रयत्न करेंगे। युवाओं को भाजयुमो से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, वीरेंद्र बोरा, वीरेंद्र लाल शाह, भाष्कर मनौला, गौरव पंत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। (एजेंसी)

# कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला



काशीपुर : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को देश में महंगाई के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला फूंका। साथ ही महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की। रविवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एमपी चौक पर भाजपा सरकार का पुतला फूंका।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि आजादी के बाद से देश में महंगाई के सारे रिकार्ड भाजपा सरकार में टूट गये हैं। जबसे सरकार सत्ता में आई है महंगाई चरम पर है। वर्तमान में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस से लेकर खाद्य पदार्थों पर बढ़ती महंगाई से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कांग्रेस शासन में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस व अन्य खाद्य पदार्थों में महंगाई पर नियंत्रण था। यहां मनोज जोशी, इदरीश अंसारी, अब्दुल कादिर, वसीम अहमद, हैदर अली, इंदूमान, अनीस अहमद, अफसर अली, अरुण चौधरी, जय सिंह गौतम, हरीश कुमार सिंह, महेंद्र बेदी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# समस्याओं को लेकर उक्रांद ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पूर्व निर्णय के अनुसार उत्तराखंड क्रांति दल ने अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी की सजा देने व समस्त भर्ती घोटालों की सीबीआई से जांच करा कर इसमें लिप्त आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित करने के लिए हस्ताक्षर अभियान आरंभ कर दिया है। पार्टी की महानगर इकाई 10000 से अधिक नागरिकों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजेगी। पहले दिन रविवार को यह अभियान शिब्बू नगर, मवाकोट, नंदपुर ,गोरखपुर में चलाया गया। अभियान नगर के सभी 40 वार्डों में चलाया जायेगा।अभियान आरंभ करते हुए दल के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड क्रांतिदल अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड राज्य निर्माण के लिए लड़ाई लड़ा है और राष्ट्रीय पार्टियों की सरकारों ने उत्तराखंड को अपराध युक्त और भ्रष्टाचार युक्त बना दिया है। कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल अपराध ,भ्रष्टाचार और माफिया तंत्र से देव भूमि उत्तराखंड को मुक्त कराने के लिए संघर्ष करता रहेगा। अभियान में महानगर अध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत, पुष्कर सिंह रावत, सर्वेंद्र काला, अमित नेगी और दलीप सिंह रावत ने भी सहयोग दिया।



हस्ताक्षर अभियान चलाते उक्रांद कार्यकर्ता

## कार्यशाला 10 जनवरी को

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में आगामी 10 जनवरी को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने राजस्व टीम (सदर पटवारी/रजिस्ट्रार कानूनगो/कानूनगो) के साथ कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी उरेडा को निर्देशित किया कि सौर ऊर्जा संयंत्र से संबंधित सभी उद्यमियों को आमंत्रित करने के साथ ही ऐसे उद्यमी जो सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना चाहते है को भी कार्यशाला में आमंत्रित किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता, विद्युत (उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि.) को अपने स्तर से पॉवर परचेज अग्रीमेंट पॉवर इवैक्यूएशन के संबंध में अद्यतन सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने के निर्देश दिये।

# पूर्व सैनिकों ने कैंटीन में बेहतर सुविधाएं न मिलने पर जताई नाराजगी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने शहर में स्थित कैंटीन पर पूर्व सैनिकों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई है। संगठन ने मंगलवार को कैंटीन के प्रबंधक से मुलाकात करते हुए सुविधाओं को दूरस्त करने की मांग की। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सचिव राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि संगठन ने काफी प्रयासो के बाद पूर्व सैनिको की कैंटीन के लिए स्थान का चयन किया, लेकिन कैंटीन प्रबंधन की मनमानी के चलते पूर्व सैनिकों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। कैंटीन के प्रबंधक एपी थपलियाल का कहना है कि संगठन के पदाधिकारियों द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद है।

मंगलवार को पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सचिव राजेंद्र सिंह राणा, बिमल नेगी, राजेंद्र सिंह रावत, पदमेंद्र बिष्ट आदि ने पूर्व सैनिकों के लिए श्रीनगर रोड पर बनाई गई गोल्डन फिश कैंटीन में जाकर पूर्व सैनिकों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए प्रबंधक के सामने कड़ी नाराजगी जताई। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सचिव राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि कैंटीन में एक ही टोकन व्यवस्था के चलते पूर्व सैनिकों को लंबी लाइन में लगना पड़ता है। दूरदराज से कैंटीन पहुंचने वाले पूर्व सैनिकों को सुबह के समय कैंटीन के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जाता है। जिससे पूर्व सैनिक सड़क किनारे बैठने को मजबूर रहते है। जबकि कैंटीन के अंदर बैठने का बड़ा स्थान मौजूद है। आरोप लगाया कि कैंटीन प्रबंधन द्वारा पूर्व सैनिकों को केवल चुनिंदा शराब के ही ब्रांड दिए जा रहे है जबकि चहेतों को सभी शराब की ब्रांड बांटी जा रही है।

## गोला और चक्का फेंक में अमीषा ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्व. थानसिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई। गोला फेंक छात्रा वर्ग में अमीषा रावत ने पहला, रिया ने दूसरा व प्रियांशी नेगी ने तीसरा स्थान पाया। चक्का फेंक बालिका वर्ग में अमीषा पहले, निशा दूसरे व रिया तीसरे स्थान पर रही। खो-खो में सलोनी की टीम विजेता व महिमा उनियाल की टीम उप विजेता रही।

मंगलवार को प्रतियोगिताओं का उद्घाटन प्राचार्य डा. बीपी उनियाल ने किया। उन्होंने कहा कि क्रीड़ा प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास में मददगार होती है। इससे छात्र-छात्राओं को अपनी क्षमताओं के प्रदर्शन व विकास का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के तहत क्रिकेट छात्र वर्ग में बीकाम विजेता व बीएससी उप विजेता रहे।

# झूला पुल को खुलवाने की मांग को लेकर पौड़ी-देवप्रयाग मार्ग पर किया चक्का जाम

नई टिहरी : देवप्रयाग नगर स्थित अलकनंदा झूला पुल को खुलवाने को लेकर स्थानीय लोगों ने पौड़ी-देवप्रयाग मार्ग पर करीब दो घण्टे चक्का जाम किया। आक्रोशित लोगो ने दीनदयाल पार्क से रामकुंड दोराहे तक प्रशासन, लोनिवि के खिलाफ नारेबाजी करते हुए करीब तीन किमी. तक ढोल नंगाड़ों के साथ जुलूस भी निकाला।

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण कांत कोटियाल की अगुवाई में नगर व क्षेत्र वासियों ने बीते 3 दिसम्बर को लोनिवि की ओर से बंद किये गए अलकनंदा झूला पुल को तत्काल खोलने की मांग की। पालिकाध्यक्ष कोटियाल ने कहा झूला पुल बन्द किये जाने से बाह बाजार क्षेत्र वासियों को रोजमर्रा की चीजों, चिकित्सा, बच्चों की पढ़ाई, रोजगार की विकट समस्या बन गयी है। दोनों क्षेत्रों के विधायकों की ओर से जनता की यहां लगातार अनदेखी की जा रही है।

महिलाओं ने राजमार्ग व श्मशान घाट होकर छात्र–छात्राओं के जाने पर रोष जताया। चक्का जाम खुलवाने को पहुंचे एसडीएम श्रीनगर अजयवीर सिंह, सीओ श्यामदत्त नौटियाल, तहसीलदार देवप्रयाग मान्वेंद्र बर्तवाल, एसओ सुनील पंवार को आक्रोशित जनता ने घेर लिया।

एसडीएम ने जनता की मांगे मानते हुए स्कूली बसों के अलावा तीन बसें जनता के लिए लगाने, मेडिकल वैन की सुविधा देने की मंजूरी दी। वहीं वर्ल्ड बैंक एई वरुण कुमार वर्मा ने कहा पुल की 7 करोड़ की डीपीआर शासन को भेज दी गयी है, इसके टेंडर जल्दी ही होंगे। ईई लोनिवि आरके मंमगाई ने कहा की तकनीकी जांच के बाद जर्जर पाए गए दो सौ वर्ष पुराने पुल को बन्द किया गया।

एसडीएम के आश्वासन के बाद जनता ने जहां चक्का जाम खत्म किया, वहीं पालिका अध्यक्ष कोटियाल ने भी 4 जनवरी से किये जाने वाले आमरण अनशन को स्थगित कर दिया। लोगो के आक्रोश को देखते यहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। चक्का जाम से पौड़ी, ऋषकेश, दिल्ली आदि जा रहे यात्रियों को काफी मुश्किल बनी रही। आंदोलनकारियों ने सिर्फ बीमार लोगों को ही जाने दिया। प्रदर्शन में सभासद अरुण मिश्रा, रूपेश गुसाई, सब्बल सिह, अर्जुन नेगी, जहोरी लाल, अनुसूया, माया, रुकमणि, सरस्वती, चित्रा, जयंती देवी ,सरिता कर्नाटक आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## मीनाक्षी अध्यक्ष तो प्रियंका बनीं सचिव

चमोली : डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित हिंदी विभाग में छात्र परिषद का गठन किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. राधा रावत ने छात्र-छात्राओं को छात्र परिषद के बारे में बताया। जिसके बाद मीनाक्षी को छात्र परिषद का अध्यक्ष, कामिनी को उपाध्यक्ष, प्रियंका को सचिव, स्वाति को संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एमएस कंडारी, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. राधा रावत, रविंद्र नेगी, डॉ. चंद्रमोहन जनस्वान, भूगोल विभाग से डॉ. आरसी भट्ट, नेहा तिवारी आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# श्रीनगर को नगर निगम का दर्जा देकर विकास का नया आयाम स्थापित किया

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा की पौड़ी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कहा कि श्रीनगर को नगर निगम का दर्जा दिलाना ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डा. धन सिंह रावत के प्रयासों से श्रीनगर को नगर निगम के स्वरूप में लाकर विकास का नया आयाम स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा विकास विरोधी इस मामले में जब कोर्ट गए तो कोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी।

श्रीनगर में आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कहा कि नए नियमों के तहत नगर निगम के अंतर्गत जुड़ने वाले गांवों के लोगों को 10 साल तक कोई भी अतिरिक्त टैक्स नहीं देना होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र से जुड़े गांवों को सीवर लाइन, स्ट्रीट लाइट की सुविधा मिलेगी व सफाई सेवकों की नियुक्ति होने से सफाई की व्यवस्था भी दुरूस्त होगी। उन्होंने डा. धन सिंह रावत की सोच को विकासपरक सोच बताते हुए कहा कि नगर निगम के फैसले से यहां के लोगों में खुशी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विकास कार्यों को घर-घर पहुंचाने तथा लोगों की समस्याओं के समाधान में अपना योगदान देने की अपील भी की। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अतर सिंह असवाल, शशि रतूड़ी, जितेंद्र रावत, गणेश भट्ट, जितेंद्र धिरवाण, वासुदेव कंडारी, कमल किशोर रावत, कुशलानाथ, लखपत भंडारी, गिरीश पैन्यूली, अजब सिंह रावत, दिनेश रूडोला, मानव सिंह बिष्ट, हरि सिंह बिष्ट, पंकज सती, झाबर सिंह रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## स्वयं सेवियों को समाज के प्रति संवदेनशील होने की जरूरत

नई टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी की एनएसएस इकाई के शिविर का पांगरखाल में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली, महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीपीएस भंडारी तथा बालमा ग्राम प्रधान शैला नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेनू नेगी ने कहा कि स्वयं सेवियों को समाज के प्रति संवेदनशील होने की जरुरत है। कहा छात्रों को पढ़ाई के साथ समाज की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी मिलकर समाज में फैली कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, भ्रूण हत्या, सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन सहित अन्य समस्याओं का मिलकर निराकरण करना है। पांगरखाल की ग्राम प्रधान संगीता देवी ने छात्रों को शिविर के दौरान ग्रामीणों को समाज में फैली कुरुतियों के प्रति जागरुक करने को कहा। उन्होंने पांगरखाल में शिविर लगाने पर विद्यालय प्रशासन और छात्रों का आभार जताया।

# सामुदायिक भागीदारी से होगा तंबाकू मुक्त जनपद का सपना साकार : एडीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने समन्वय समिति की बैठक में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के बेहतर संचालन हेतु अंतर्विभागीय समन्वय बढ़ाते हुए सभी विभागों को जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि सामुदायिक भागीदारी से ही तंबाकू मुक्त जनपद का सपना साकार होगा। उन्होंने जिले में कोटपा एक्ट-2003 के प्राविधानों को कडाई से लागू कर निरंतर चालान की कार्रवाई करने को कहा।





राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तर पर समन्वय समिति का पुर्नगठन, छापामार दल एवं प्राधिकृत निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी सदस्य सचिव, जिला अभियोजन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला उद्योग एवं श्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, नामित स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि सदस्य है। अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध हेतु सख्ती से कार्रवाई की जाए। साथ ही तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी समिति गठित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव शर्मा ने बताया कि तंबाकू के प्रयोग से कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, टीबी, जैसे गैर संचारी रोग होने की संभावना अधिक होती है। सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान की वजह से आसपास के लोग भी इससे प्रभावित होते हैं।

इसलिए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों में धुम्रपान प्रतिबंधित है।

इस दौरान सीओ पुलिस नताशा सिंह, सीएमएस डा. अलिन्द पोखरियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, हिमांद समिति के सचिव उमा शंकर बिष्ट सहित समन्वय समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी स्मृति मेले का आकर्षक झांकियों के साथ आगाज

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर विकासखंड के मलेथा में वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी स्मृति मेले का मंगलवार को आकर्षक झांकियों के साथ रंगारंग आगाज हुआ।

इस मौके पर सर्वप्रथम छेणाधार स्थित माधो सिंह भंडारी के स्मॉरक स्थल पर विधायक विनोद कंडारी व ग्रामीणों की ओर से पूजा-अर्चना की गई। साथ ही स्मारक से मेला स्थल तक माधो सिंह भंडारी की आकर्षक झांकी निकाली गई।

मेला स्थल पर विधायक विनोद कंडारी ने दीप प्रज्जवलन के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

## भूधंसाव का ट्रीटमेंट नहीं होने से लोगों में आक्रोश, बोले सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं

चमोली : नगर क्षेत्र के बहुगुणानगर भूधंसाव का ट्रीटमेंट नहीं होने से यहां प्रभावित और स्थानीय लोग नाराज है। लोगों का कहना है कि उनके भवन कभी भी भराभराकर गिर सकते हैं। लेकिन शासन प्रशासन उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। पिछली बरसात से यहां लगातार भूधंसाव बना है। बावजूद अभी तक सुरक्षा इंतजामों के कोई काम नहीं हो पाए हैं।

पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक बीपी सती का कहना है कि उनके समेत यहां करीब 22 मकान भूधंसाव से दरक चुके हैं। सरकार और शासन ने जोशीमठ भूधंसाव से प्रभावित इलाके को विस्थापित करने का निर्णय लिया है। लेकिन बहुगुणानगर का विस्थापन तो दूर ट्रीटमेंट की कोई योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है। स्थानीय महिला कमला रतूड़ी का कहना है कि मंडी समिति परिसर के ठीक ऊपर बसे भवन सबसे अधिक संवेदनशील है। यहां लोग सर्दियों की बारिश में नहीं रह सकते। लोगों ने कहा कि करीब दस साल पहले मंडी का निर्माण में यहां जेसीबी मशीन से खुदाई की गई। जिसका परिणाम यह है कि यहां अब पूरे मकान धंसने लग गए। हालात यह है कि मंडी समिति के ऊपरी भवन भी धंस गए। धर्मेंद्र बिष्ट, हरेंद्र सिंह आदि के मकानों में भारी दरारें है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन ककिया जाएगा। वहीं सिंचाई विभाग के सहायक अभिंयता एमएस बुटोला का कहना है कि बहुगुणानगर के ट्रीटमेंट का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

# जन शिकायतों को गंभीरता से लें : सीडीओ



जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जन समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निराकरण हेतु मंगलवार को राइका थराली में मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किया गया। तहसील दिवस में जनता ने सड़क, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, भूमि का मुआवजा, स्ट्रीट लाइट आदि से जुड़ी 41 शिकायतें दर्ज की। जिसमें से 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण करें। पासतोली-आलकोट मोटर मार्ग और डुंगरी-रतगांव मोटर मार्ग पर गढढे होने की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता को सड़क दुरूस्त कराने, हरमनी पेनगढ़ में ट्रॉली व्यवस्था को पुनः शुरू कराने, ईरी-बैसखान मोटर मार्ग का निर्माण और भेंटा मोटर मार्ग का सर्वे कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। राउमावि कुराड़ में विद्यालय भवन की मरम्मत हेतु शिक्षा विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा। वही जल संस्थान को सेरा विजय पुर की पेयजल लाइन के द्वितीय चरण का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्व उप निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार को रोस्टर निधार्रित तहसील देवाल और नारायणबगड में भी बैठने को कहा। उद्यान विभाग को स्थानीय काश्तकारों को कीवी पौध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा भारती, उप जिलाधिकारी रवीन्द्र ज्वांटा, तहसीलदार प्रदीप नेगी सहित सभी संबधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# माकपा बिजली के दामों के विरोध में पांच जनवरी को करेगी प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग : भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी की बैठक में लगातार बढ़ रहे बिजली के दामों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। साथ ही पांच जनवरी को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। 11 जनवरी को नागेन्द्र सकलानी व मोलू भरदारी के शहादत दिवस पर ऊखीमठ में एक सभा भी आयोजित की जाएगी। मुख्यालय स्थित काली कमली धर्मशाला में आयोजित माकपा की बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला मंत्री राजाराम सेमवाल ने की। इस मौके पर पार्टी राज्य सचिव राजेन्द्र सिंह एवं पार्टी राज्य सचिव मंडल के सदस्य गंगाधर नौटियाल ने संयुक्त रूप से कहा कि कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से बिजली का निजीकरण करने एवं विद्युत नियामक बोर्ड को खत्म कर प्राइवेट कम्पनियों के दबाव में एक वर्ष अन्दर तीन बार साढ़े सात प्रतिशत बिजली के दामों में वृद्धि कर दी है। जिससे आम जनता गरीब तबके को भारी महंगाई झेलनी पड़ रही है। इसलिए पार्टी ने निर्णय लिया है कि 5 जनवरी को बिजली के दामों में वृद्धि के सवाल पर प्रदेश भर में प्रदर्शन किया जाएगा। माकपा जिला मंत्री बीरेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि 5 जनवरी को पार्टी ऊखीमठ, बसुकेदार, रुद्रप्रयाग तहसील में बिजली के दामों के वृद्धि के सवाल प्रदर्शन करेगी। 11 जनवरी नागेन्द्र सकलानी व मोलू भरदारी के शहादत दिवस पर ऊखीमठ में एक सभा का आयोजन किया जाएगा। पार्टी ने जनता को इन क्रांतिकारियों के क्रांतिकारी इतिहास से अवगत कराया जाएगा। बताया कि जनपद के अन्दर एनएच की ओर सड़क के दौरान भारी अनियमितता की गई थी। जिनके बाद एनएच, प्रशासन एवं प्रभावितों के बीच पूर्व में एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था, लेकिन आठ माह गुजर जाने के बाद भी अभी तक क्षतिग्रस्त मकान, गोशाला, दुकान और भूमि का मुआवजा नहीं दिया गया है। और न ही क्षतिग्रस्त रास्ते सार्वजनिक भवन, स्कूल, गांव व पेयजल लाइनों को ठीक किया गया है। एक बार प्रभावितों को आन्दोलन के लिए बाध्य होना पडेगा। इस अवसर पर पार्टी के अल्मोडा जिला मंत्री दिनेश पांडेय, दौलत सिंह रावत, नरेन्द्र रावत, अषाड़ सिंह, विक्रम सिंह पंवार, धीरज लाल, जय सिंह नेगी, मदन सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेंसी)

## स्वरोजगार हेतु मिलकर कार्य करने की जरूरत

नई टिहरी : सोशल विकास टैक्नीकल फाउंडेशन (स्वीटफ) ने अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। संस्था के अध्यक्ष धीरेन्द्र भंडारी ने कहा कि संस्था समय–समय पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण देती रहती है, साथ ही सामाजिक क्षेत्र जिसमें जल जीवन मिशन, पर्यावरण संरक्षण, पंचायती राज, डिजिटल प्रशिक्षण आदि पर भी कार्य करती रहती है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेलूर के ग्राम प्रधान पशुराम डोभाल कहा कि स्वरोजगार हेतु सभी को मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक अधिक से कार्य करने की जरुरत है, ताकि लोग आत्मनिर्भर बन सके। इस मौके पर तकनीकी प्रबंधक गौरव उनियाल, भुवनेश्वरी राणा, सोनू कुमार, गुड्डी भंडारी, राम कुंवर सेमवाल, दर्मियान राणा, विपिन भंडारी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## क्षयरोग ग्रस्त बच्चों को दी प्रोटीन युक्त किट

नई टिहरी : ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति रानीचौरी ने क्षयरोग ग्रस्त 18 साल से कम उम्र के बच्चों को प्रत्येक माह प्रोटीन युक्त पोषाहार देने हेतु गोद लिया है।

संस्था की ओर से पोषाहार में एक किलो सोयाबीन बड़ी, 30 अंडे, साबुत चने और एक लीटर सरसों का तेल प्रत्येक माह दिया जाऐगा। ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति रानीचौरी के संयोजक सुशील बहुगुणा तथा व्यापार मंडल घनसाली के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र डंगवाल ने मंगलवार को भिलंगना ब्लॉक के घनसाली क्षेत्र के क्षय रोग से ग्रस्त नौ बच्चों के परिजनों को प्रोटीन युक्त सामान की किट वितरित की।



## सम्पादकीय

# दोहरे मापदंडों की व्यवस्था

कहते हैं कोई भी प्रकरण तब तक सुर्खियों में नहीं आता जब तक उससे जुड़ा व्यक्ति कोई वीआईपी ना हो। उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद में भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत की दुर्घटना का मामला भी कुछ ऐसे ही प्रभाव से जुड़ा हुआ है। 30 दिसंबर को दिल्ली से रुड़की अपने घर आते समय ऋषभ पंत गुरुकुल नारसन के पास सुबह तड़के लगभग 5रू30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। उनकी कार डिवाइडर पर चढ़कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसमें बाद में कार में आग लग गई थी। हालांकि कुछ स्थानीय लोगों की मदद से क्रिकेटर ऋषभ पंत को सुरक्षित कार से निकालकर अस्पताल पहुंचा दिया गया था। फिलहाल ऋषभ पंत स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं और उनकी स्थिति बेहतर हो रही है। इस दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए गए थे क्योंकि ऋषभ पंत ने अपने बयान में कहा था कि दुर्घटना से पूर्व उन्हें सड़क पर गड्ढे जैसा कुछ आभास हुआ था। नेशनल हाईवे पर गड्ढे का होना सीधे तौर पर एक बड़ी खामी और लापरवाही माना जा सकता है लेकिन हाईवे के अधिकारियों ने ऋषभ पंत के इस बयान को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। सड़क की स्थिति को लेकर उठे विवादों के बीच एनएचएआई ने स्पष्ट कर दिया है कि वहां कोई गड्ढा नहीं था। एनएचएआई के परियोजना निदेशक का कहना है कि जहां पर कार दुर्घटनाग्रस्त हुई है, वहां कोई भी गड्ढा नहीं है। साथ ही यहां पर पूर्व में भी किसी तरह का पैचवर्क नहीं किया गया है। इसके लिए टीम ने निरीक्षण कर जांच भी की है। यह स्पष्ट है कि यदि उक्त स्थल पर गड्ढा होता तो दुर्घटना के अगले दिन भी नजर आता और स्थानीय लोगों ने भी उसे पहले भी देखा होता। तो क्या यह मान लिया जाए कि क्रिकेटर ऋषभ पंत झूठ बोल रहे हैं, क्या उन्हें तेज रफ्तार कार में रात को आसानी से वह गड्ढा नजर आ गया था, और वह तेज रफ्तार के कारण कार्य को नियंत्रित नहीं कर पाए? यह भी जांच का विषय है लेकिन नेशनल हाईवे के अधिकारियों के दावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित तौर पर कहीं ना कहीं पंत की कार की रफ्तार और सड़क का मोड इस दुर्घटना का एक बड़ा कारण हो सकता है, क्योंकि यह मामला एक बड़े वीआईपी से जुड़ा हुआ है, जो एक सर्वाधिक लोकप्रिय खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए दुर्घटना के कारणों को लेकर उच्च स्तर पर कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन इसके ठीक विपरीत सड़कों पर गड्ढों को लेकर कितनी दुर्घटनाएं होती हैं और कितने ही लोग मारे जाते हैं जिसके एवज में जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होना तो दूर मुकदमे तक दर्ज नहीं होते। निश्चित तौर पर यह दोहरे मापदंड है जो व्यक्ति के प्रभाव और स्तर को देखकर निर्धारित किए जाते हैं। यह जांच का विषय हो सकता है कि उक्त स्थल पर गड्ढा था या नहीं लेकिन यह एक जरूरत है कि देश की सभी सड़कों को पूर्ण तौर पर सुरक्षित एवं गड्ढा मुक्त बनाया जाए ताकि इन खामियों के कारण लोगों की जान बचाई जा सके।

# नमामि गंगे: देश की संकल्प शक्ति का निर्मल और अविरल प्रमाण'

**प्रधानमंत्री ने में राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक के दौरान अर्थ गंगा अवधारणा का भी समर्थन किया था। अर्थ गंगा का केन्द्रीय विचार गंगा नदी पर निर्भर होने के नारे की तर्ज पर अर्थनीति के सम्पर्क के माध्यम से लोगों और गंगा नदी को जोड़ रहा है। जन गंगा और अर्थ गंगा दोनों अब नमामि गंगे को एक जन आंदोलन में बदलने के इंजन बन चुके हैं। कार्यक्रम के लिए पिछले कुछ महीने घटनाओं से भरे रहे, अर्थ गंगा के तहत छह नए वर्टिकल की पहचान की गई है, जिनमें शून्य बजट प्रातिक खेती, मुद्रीकरण और कीचड़ और गंदे पानी के पुनरू उपयोग, आजीविका सृजन के अवसर जैसे श्घाट में हाटश्, स्थानीय उत्पादों, आयुर्वेद, औषधीय पौधों को बढ़ावा देना आदि, हितधारकों, सांसतिक विरासत और पर्यटन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के लिए जन भागीदारी शामिल है जो बेहतर विकेंद्रीत जल प्रबंधन के लिए स्थानीय क्षमताओं को बढ़ाकर सामुदायिक जेटी के माध्यम से नौका पर्यटन, योग को बढ़ावा देने, साहसिक पर्यटन और गंगा आरती और संस्थागत निर्माण पर निर्भर है। जलज केन्द्रों की स्थापना, जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया है, स्थायी नदी केन्द्रित आर्थिक मडल के निर्माण की दिशा में एक कदम है। जलज केन्द्रों में से की शुरूआत हो चुकी है। यह नदी के किनारे रहने वाले लोगों के लिए सुविधाएं स्थापित करके और स्थानीय लोगों का मार्गदर्शन करके आजीविका के अवसर पैदा करने की एक पहल है।**

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**



भारत के लिए अगस्त, का दिन एक महत्वपूर्ण अवसर था, नीरज चोपड़ा नाम के एक एथलीट ने टोक्यो ओलंपिक में भाला दें क में हमें स्वर्ण पदक दिलाकर गौरवान्वित किया। इस समाचार के परिशिष्ट में एक छोटा सा कार्य सुर्खियों में नहीं आया कि चौम्पियन अपना भाला नमामि गंगे कार्यक्रम के लिए नीलामी के उद्देश्य से दान कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें मिले उपहारों की नीलामी शुरू करने की पहल, कार्यक्रम के लिए उनकी व्यक्तिगत भागीदारी, सरकार की अपार प्रतिबद्धता और उस पर दृढ़ विश्वास को बल देती है। इसी तरह दिसम्बर को, इस प्रतिबद्धता ने आंशिक परिणाम हासिल किए, जब संयुक्त राष्ट्र ने इसे दुनिया के शीर्ष इकोसिस्टम बहाली कार्यक्रमों में से एक के रूप में मान्यता दी। अपने मन की बात कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री ने सही कहा कि यह देश की संकल्प शक्ति और अथक प्रयासों का प्रमाण है और दुनिया को एक नया रास्ता दिखाता है।

नमामि गंगे की कहानी की है जब माननीय प्रधानमंत्री ने गंगा नदी के पौराणिक गौरव को बहाल करने का कार्यक्रम शुरू किया था। अविरल (अप्रतिबंधित प्रवाह) और निर्मल (अप्रदूषित प्रवाह) गंगा की परिकल्पना से उत्साहित, एक समग्र और एकीत रास्ता अपनाने की पहल की गई। इस पहल को जन गंगा (जन भागीदारी और लोगों और नदी का सम्पर्क), ज्ञान गंगा (अनुसंधान और ज्ञान प्रबंधन) और अर्थ गंगा (स्वतंत्र प्रयास का आर्थिक मडल) के तीन कार्यक्षेत्रों से और आगे बढ़ाया गया था।

अब तक , करोड़ रुपये की परियोजनाओं को गंदे पानी के शोधन के बुनियादी ढांचे, नदी किनारे का विकास, नदी बेसिन की सफाई, जैव विविधता संरक्षण, वनरोपण, जन जागरूकता, उद्योगों से निकलने वाले सीवेज की निगरानी, अर्थ गंगा सहित अन्य के लिए मंजूरी दी गई है। इनमें से परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, शेष निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। गंगा बेसिन में एमएलडी शोधन क्षमता और , किमी सीवर नेटवर्क के निर्माण के लिए करीब सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। सीवरेज प्रबंधन के लिए इनमें से कई परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

प्रारंभिक चरण के एक बड़े हिस्से को प्राप्त करने के साथ, नए जोश और कीमती अनुभव से लैस होकर, हम नमामि गंगे की शुरुआत कर रहे हैं, जिसे अब सहायक नदियों जैसे यमुना और उप सहायक नदियों जैसे काली, गोमती, हिंडन, दामोदर नदी तक बढ़ा दिया गया है।

कार्यक्रम की सफलता का एक प्रमुख कारण सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड (एचएएम-पीपीपी) के तहत हाइब्रिड एन्यूइटी मडल है, जो अपशिष्ट जल क्षेत्र में अब तक अज्ञात दृष्टिकोण है। एचएएम मडल के तहत, अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों की निर्माण लागत का प्रतिशत तक सरकार द्वारा अपरेटरों को भुगतान किया जाता है और शेष उनके प्रदर्शन मानकों का आकलन करने के बाद वर्षों की अवधि में जारी किया जाता है। इसी तरह से एक शहर, एक अपरेटर मडल शुरू किया गया है जो पूरे शहर में सीवेज शोधन के लिए एक स्थान पर समाधान की परिकल्पना करता है। जबकि एचएएम अपरेटरों द्वारा प्रतिबद्धता, प्रदर्शन और स्थिरता सुनिश्चित करता है, एक शहर, एक अपरेटर एकल स्वामित्व और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।

औद्योगिक प्रदूषण में कमी के लिए, अत्यन्त प्रदूषणकारी उद्योगों (जीपीआई) की पहचान की गई है और प्रतिष्ठित तृतीय पक्ष तकनीकी संस्थानों द्वारा इनकी निगरानी की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप उद्योगों द्वारा अनुपालन में सुधार हुआ है। इसकी एक शानदार सफलता कानपुर में जाजमऊ चमड़े के कारखाने (देश में अपने प्रकार का सबसे बड़ा) के लिए एमएलडी कमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का निर्माण है। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, इस परिवर्तन में मदद के लिए, पहली बार अक्टूबर में ई-फ्लो अधिसूचना के माध्यम से अपने स्वयं के जल पर नदी के अधिकार को मान्यता दी गई थी।

कार्यक्रम के तहत मिलने वाले सकारात्मक परिणामों को तेजी से देश की अन्य नदियों के लिए मडल नदी कायाकल्प कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है। कई स्थानों पर गंगा के पानी की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार इसकी सफलता की गवाही देता है, जबकि में नदी की मुख्य नलिका के चार प्रदूषित हिस्से थे, में कोई भी विस्तार प्राथमिकता ढ्ढ (बीओडीझ मिली) से (बीओडी झ-) तक नहीं है और केवल दो खंड सबसे कम प्रदूषित प्राथमिकता (बीओडी झ-) में हैं।

गंगा की पर्यावरणीय सफाई ने भारत के लोगों की आध्यात्मिक सफाई में मदद की है, और यह तब देखा गया जब करोड़ से अधिक लोगों ने कुंभ के दौरान इसमें स्नान किया। गंगा में डल्फिन, घडियाल, उद्बिलाव और अन्य जलीय प्रजातियों का अधिक संख्या में दिखाई देना हर दिन इसकी याद दिलाता है। राष्ट्रीय पशुपालन कार्यक्रम- के तहत स्थानीय मछली प्रजातियों के कायाकल्प जैसे सूक्ष्म विवरणों का भी ध्यान रखा गया है। अत्यधिक आकर्षक हिल्सा मछली की बढ़ती आबादी और उसके बाद हमारे मटुआरों की समृद्धि में यह रास्ता सबसे महत्वपूर्ण है। कुदरती तौर पर बहुआयामी और समग्र, इस कार्यक्रम के परिणामस्वरूप गंगा बेसिन में , हेक्टेयर वनीकरण, वसंत कायाकल्प, आर्द्रभूमि संरक्षण, पारंपरिक जल निकायों का कायाकल्प और शोधित जल का पुनरू उपयोग हुआ है॥

प्रधानमंत्री ने में राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक के दौरान अर्थ गंगा अवधारणा का भी समर्थन किया था। अर्थ गंगा का केन्द्रीय विचार गंगा नदी पर निर्भर होने के नारे की तर्ज पर अर्थनीति के सम्पर्क के माध्यम से लोगों और गंगा नदी को जोड़ रहा है। जन गंगा और अर्थ गंगा दोनों अब नमामि गंगे को एक जन आंदोलन में बदलने के इंजन बन चुके हैं। कार्यक्रम के लिए पिछले कुछ महीने घटनाओं से भरे रहे, अर्थ गंगा के तहत छह नए वर्टिकल की पहचान की गई है, जिनमें शून्य बजट प्रातिक खेती, मुद्रीकरण और कीचड़ और गंदे पानी के पुनरू उपयोग, आजीविका सृजन के अवसर जैसे श्घाट में हाटश्, स्थानीय उत्पादों, आयुर्वेद, औषधीय पौधों को बढ़ावा देना आदि, हितधारकों, सांसतिक विरासत और पर्यटन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के लिए जन भागीदारी शामिल है जो बेहतर विकेंद्रीत जल प्रबंधन के लिए स्थानीय क्षमताओं को बढ़ाकर सामुदायिक जेटी के माध्यम से नौका पर्यटन, योग को बढ़ावा देने, साहसिक पर्यटन और गंगा आरती और संस्थागत निर्माण पर निर्भर है। जलज केन्द्रों की स्थापना, जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया है, स्थायी नदी केन्द्रित आर्थिक मडल के निर्माण की दिशा में एक कदम है। जलज केन्द्रों में से की शुरूआत हो चुकी है। यह नदी के किनारे रहने वाले लोगों के लिए सुविधाएं स्थापित करके और स्थानीय लोगों का मार्गदर्शन करके आजीविका के अवसर पैदा करने की एक पहल है।

नमामि गंगे का नया चरण इससे अधिक उपयुक्त समय पर नहीं आ सकता है, जब हम महान अटलजी को उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं, भारत के अमृत काल का उत्सव मना रहे हैं और जी में भारत को अध्यक्षता मिलने का जश्न मना रहे हों। यह अटलजी ही थे जिन्होंने कभी कहा था, भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं है, यहां हर पत्थर में भगवान शिव हैं और पानी की हर बूंद गंगा जल है। जब वह हमें अपने सपने को साकार करते हुए देखेंगे तो निश्चित रूप से आकाश से मुस्कुरा रहे होंगे, वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भावना के साथ श्एक पृथ्वी, एक

# पोषक तत्वों का भंडार हैं हरी मटर, खाने से मिलते हैं ये फायदे



ठंड का मौसम दस्तक देने लगा है और इसी के साथ कुछ ऐसी सब्जियां भी आने लगी हैं, जिन्हें खाने के लिए हम सर्दियों का इंतजार करते रहते हैं। ऐसी ही एक सब्जी है मटर। मोती के जैसे छोटे-छोटे दानों वाला ये मटर ठंड के मौसम की सबसे खास सब्जी है, हालांकि बहुत से लोग मटर खाना पसंद नहीं करते, लेकिन एक्सपर्ट्स के मुताबिक आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। कुछ डिशेज ऐसी हैं, जो मटर के बिना अधूरी हैं। फिर चाहे हम बात करें पुलाव की या फिर वेज बिरयानी और मटर-पनीर की। इन व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़े-से मटर ही काफी हैं। एक तरफ इनका स्वाद लाजवाब है, तो वहीं दूसरी तरफ इनके आयुर्वेदिक गुण भी अनगिनत हैं। मटर में ऐसे कई पोषक तत्व हैं, जो गंभीर से गंभीर बीमारियों से बचाव करने में सक्षम हो सकते हैं।

**वजन घटाने में मददगार**

मटर खाने के फायदे में वजन घटाना भी शामिल है। कारण यह है, कि इसमें काफी प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। साथ ही इसमें कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। इसलिए, इसके उपयोग से पेट जल्दी भरता है और जल्दी भूख का एहसास भी नहीं होता। इस तरह इसका इस्तेमाल आपको मोटापे से टुटकारा पाने में मददगार साबित हो सकता है।

**कैंसर में फायदेमंद**

विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में एंटीअक्सीडेंट के साथ कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जिनमें कैंसर से बचाव करने के गुण पाए जाते हैं। इस कारण मटर खाने के फायदे में कैंसर की समस्या से बचाव भी शामिल किया जा सकता है।

**दिल का रखे ख्याल**

विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में कई खास तत्व पाए जाते हैं, जो हृदय संबंधी विकारों को दूर करने में सक्षम होते हैं। साथ ही, उनमें खून को साफ करने का भी अद्भुत गुण पाया जाता है। इस कारण ऐसा माना जा सकता है, कि मटर के लाभ में दिल से संबंधित बीमारियों को नियंत्रित करना भी शामिल है ।

**स्किन बनाए हेल्दी**

मटर में स्किन फ्रेंडली पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन बी , सी और फोलेट (फोलिक एसिड) शामिल हैं। वो कहती हैं, ये पोषक तत्व इन्फ्लेमेशन और फ्री रैडिकल डैमेज को कम करने में मदद कर सकते हैं जो स्किन से कोलेजन और इलास्टिन-प्रोटीन के प्रातिक भंडार को खत्म कर देता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मटर में मौजूद फ्लेवोनइड्स, कैटेचिन, एपिकेटचिन, कैरोटेनयड और अल्फा-कैरोटीन भी एंटी-एजिंग असर के लिए जाने जाते हैं।

**प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत**

मटर को प्लांट बेस्ड प्रोटीन के सबसे अच्टे स्रोतों में से एक माना जाता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मटर पेट भरने वाले और फाइबर से भरपूर होते हैं और ये उन लोगों के लिए एकदम सही है जो जानवरों से मिलने वाले प्रोटीन का सेवन नहीं करते हैं। इसके अलावा, ड गरिमा कहती हैं कि मटर में मौजूद फाइबर मल त्याग को आसान बनाने में मदद करता है।

**कोलेस्ट्रल लेवल कंट्रोल करे**

मटर में नियासिन की मात्रा अधिक होती है, जो ट्राइग्लिसरा-इड्स और वीएलडीएल (बहुत कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन, जिससे बैड कोलेस्ट्रल कम होता है) के उत्पादन को कम करने में मदद करता है और एचडीएल यानी गुड कोलेस्ट्रल को बढ़ाता है।

**डायबिटीज में मददगार**

विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में एंटीअक्सीडेंट गुणों के साथ-साथ एंटी-हाइपर ग्लाइसेमिक (ब्लड शुगर को नियंत्रित करने वाले) प्रभाव भी पाए जाते हैं । इस कारण ऐसा कहा जा सकता है कि हरी मटर के फायदे में रक्त में शुगर की अधिक मात्रा को नियंत्रित करना भी शामिल है।

# नया वर्ष-नया उत्साह

**अजय दीक्षित**




नववर्ष प्रारम्भ हो गया है। नया साल नया सबेरा, नया उजाला, नई उम्मीदें, नए लक्ष्य और नई उपलब्धियां लेकर आया है, हम ऐसी मंगल कामना करते हैं। भारत और विश्व के सन्दर्भ में नए साल के कई महत्वपूर्ण मायने हैं। भारत इस पूरे साल के दौरान जी- देशों के समूह संगठन का आतिथ्य करेगा। भारत को गुजरते साल में जी- की अध्यक्षता पहली बार सौंपी गई। नए साल में अमरीका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी से लेकर इण्डोनेशिया और ब्राजील तक विकसित और विकासशील देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन में एक ही मंच पर एकजुट होंगे । इन देशों के अधिकारी प्रतिनिधि विमर्श कर एजेण्डा तय करेंगे कि आने वाले समय में श्एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यश सूत्रवाक्य के सन्दर्भ में जी- देशों की कितनी सार्थक भूमिका हो सकती है । विश्व शांति, अर्थव्यवस्था, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, खाद्य, ऊर्जा सरीखे विषयों पर एक साझा सोच बनाने के प्रयास किए जाएंगे। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि फीसदी जीडीपी इन्हीं देशों की है, करीब फीसदी कारोबार यही देश करते हैं और करीब फीसदी आबादी इन्हीं देशों में बसती है। एक तरह से यही देश दुनिया हैं। भारत ऐसे सक्षम देशों के मंच की अध्यक्षता करेगा और बुनियादी एजेण्डा भी शेष सदस्य देशों के सामने प्रस्तुत करेगा, यह उपलब्धि और सम्मान सामान्य नहीं है। में भारत की जीडीपी ट्रिलियन डलर को पार करने की स्थिति में होगी। भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी क्रय- शक्ति वाला देश है और हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो पहले ही बन चुके हैं ।

नए साल में भारत करीब करोड़ की आबादी वाला देश बनकर प्रथम स्थान पर होगा। चीन दूसरे स्थान पर पिछड़ जाएगा। इसे सकारात्मक और सर्वाधिक युवा कार्यबल वाले देश के तौर पर लें अथवा इतनी आबादी हमारे संसाधनों और भू- क्षेत्रफल पर भारी पड़ेगी, इस सवाल पर चिंतन जारी है, क्योंकि भारत की तुलना में जापान और चीन श्बूढ़े देशश हैं। युवा आबादी के कारण भारत दुनिया का सबसे बड़ा सक्रिय बाजार भी माना जाता है । हम अंतरिक्ष में नई उड़ानें भरेंगे और नई इबारतें भी लिखेंगे । मंगल और चन्द्रमा पर जाने के हमारे मिशन कितने कामयाब होंगे, यह सवाल भी हम समय और वैज्ञानिकों के प्रयासों पर छोड़ते हैं । वैज्ञानिक अपने प्रयोगों में रात-दिन जुटे हैं । एक त्रासद और वैश्विक मानवीय संकट के तौर पर रूस- यूक्रेन युद्ध का उल्लेख करना भी अनिवार्य है, क्योंकि फरवरी, से लगातार जारी इस युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति चेन को झकझोर कर रख दिया है । हालांकि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर को करीब . फीसदी आंकते हुए श्सर्वोच्चश करार दिया है, लेकिन इस युद्ध ने करोड़ों लोगों को शरणार्थी, पंगु बना दिया है । दुनिया में खाद्य और ऊर्जा के गहरे संकट हैं । यूक्रेन लगभग जर्जर, खंडहर और मलबा हो चुका है । वह नए सिरे से कैसे खड़ा होगा, यह बड़ा पेचीदा सवाल है। हालांकि अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने युद्धविराम के बयान देने शुरू कर दिये हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की बातचीत न श्करने पर अड़े हैं । न जाने उन्हें क्या हासिल दिखाई दे रहा है ? अमरीका और यूरोपीय देशों के हालात यूं ही चरमराते रहे, तो विश्व एक और गहरा आर्थिक संकट झेलने को विवश होगा । इस पूरे परिदृश्य में भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण आंकी जा रही है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री मोदी चौतरफा शांति और स्थिरता के प्रयास कर रहे हैं । दुनिया भारत के आग्रहों को सुनती भी है । में भारत एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप का आयोजन भी कर रहा है और महिला क्रिकेट के विश्व कप में शिरकत करेगा । भारत एकदिनी क्रिकेट का दो बार विश्व चौम्पियन बन चुका है । बैडमिंटन का ऐतिहासिक श्थमस कप खिताब हम पहली बार जीत चुके हैं और हमारे आधा दर्जन से ज्यादा खिलाड़ी विश्व के सर्वोच्च खिलाडियों की जमात में शामिल हुए हैं । भारत कितने स्तरों पर तरक्की करेगा, इसे एक सम्पादकीय में समेटना असंभव है, लेकिन अब भारत श्विकसित देशश बनने की ओर अग्रसर है। हालांकि आज भी करोड़ से ज्यादा लोग श्गरीबी रेखाश के तले जीने को अभिशप्त हैं, लेकिन भारत में भुखमरी के हालात

**नए साल में भारत करीब करोड़ की आबादी वाला देश बनकर प्रथम स्थान पर होगा। चीन दूसरे स्थान पर पिछड़ जाएगा। इसे सकारात्मक और सर्वाधिक युवा कार्यबल वाले देश के तौर पर लें अथवा इतनी आबादी हमारे संसाधनों और भू-क्षेत्रफल पर भारी पड़ेगी, इस सवाल पर चिंतन जारी है, क्योंकि भारत की तुलना में जापान और चीन श्बूढ़े देशश हैं। युवा आबादी के कारण भारत दुनिया का सबसे बड़ा सक्रिय बाजार भी माना जाता है । हम अंतरिक्ष में नई उड़ानें भरेंगे और नई इबारतें भी लिखेंगे ।**

# मायावती के रास्ते पर अखिलेश !



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कमाल की बात कही। उन्होंने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का निमंत्रण नहीं मिलने की बात कही और अपने को उससे अलग किया लेकिन साथ ही कहा कि कांग्रेस भी भाजपा जैसी है।

उन्होंने एक और दिलचस्प बात की कि समाजवादी पार्टी की अलग विचारधारा है। सोचें, नेताओं का ऐसा आत्मविश्वास होता है! बहरहाल, विचारधारा की बात छोड़ें, उस पर क्या चर्चा करनी है तब भी उन्होंने कांग्रेस को भाजपा जैसा बता कर कांग्रेस पर जो हमला किया वह बहुत हैरान करने वाला है। किसी ने उनसे पूछा नहीं कि कांग्रेस कब से भाजपा जैसी हुई है? जाहिर है के बाद ही हुई होगी क्योंकि में वह भाजपा जैसी नहीं थी तभी तो अखिलेश ने कांग्रेस से तालमेल किया था और च्यूपी के दो लडकेज् भाजपा को रोकने निकले थे।

बहरहाल, उन्होंने कांग्रेस पर जैसा हमला किया उससे यह सवाल उठा है कि क्या वे भी बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती के रास्ते पर जाएंगे? मायावती काफी समय से कांग्रेस को भाजपा जैसा बताती रही हैं।

वे पिछले कुछ समय से किसी न किसी तरीके से भाजपा की मदद कर रही हैं। उनकी निष्क्रियता से उनका वोट भाजपा को ट्रांसफर हुआ है और पिछले चुनावों में उनके उम्मीदवारों ने भाजपा की मदद की। क्या वैसा ही कोई अज्ञात कारण है, जिसकी वजह से अखिलेश यादव विपक्षी एकता से दूरी बना रहे हैं और परोक्ष रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भाजपा चुनाव जीते? या यह कारण है कि उनको कांग्रेस की चिंता सता रही है या उनको लग रहा है कि कांग्रेस वापसी कर सकती है? कांग्रेस को भाजपा जैसा बता कर वे राज्य के अल्पसंख्यक वोटों का एकमात्र दावेदार अपनी पार्टी को बना रहे हैं। संभव है कि राहुल की यात्रा से

# तालिबान की क्रूरताएं



ये उम्मीद ध्वस्त हो गई है कि गुजरे दो दशकों में तालिबान ने कोई सीख ली है और इस बार उसका अपेक्षात उदार चेहरा देखने को मिलेगा। फिलहाल दुनिया उसकी क्रूरताओं के आगे खुद को जैसे लाचार महसूस कर रही है।

अफगानिस्तान में तालिबान सरकार फिर से उसी रंग में आ गई है, जो उसने के दशक के आखिर में दिखाया था। इस तरह ये उम्मीद ध्वस्त हो गई है कि गुजरे दो दशकों में उसने कोई सीख ली है और इस बार उसका अपेक्षात उदार चेहरा देखने को मिलेगा। तालिबानी शासन की क्रूरताओं का हाल यह है कि अब इस्लामी दुनिया भी उससे असहज महसूस करने लगी है। यूनिवर्सिटी में महिलाओं की पढ़ाई प्रतिबंधित करने के सवाल पर दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ-साथ इस्लामी देशों में भी उसकी कड़ी निंदा हुई है। इसी हफ्ते इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी ने इस कदम के हो रहे विरोध में अपना स्वर जोड़ा। ओआईसी के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने कहा कि इस फैसले से न सिर्फ अफगान महिलाएं आजीविका के अवसरों से वंचित हो जाएंगी, बल्कि तालिबान के ताजा फैसले का असर अफगानिस्तान में चलने वाले अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता कार्यक्रमों पर भी पड़ेगा। गौरतलब है कि तालिबान ने अफगानिस्तान में कार्यरत सभी स्थानीय और विदशी गैर-सरकारी संगठनों को आदेश दिया था कि वे अपने सभी महिला कर्मचारियों का काम आना रोक दें।

तालिबान ने धमकी दी है कि अगर इस संगठनों ने ऐसा नहीं किया, तो उन्हें अफगानिस्तान में काम करने के लिए मिले लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने भी इन तालिबानी फैसलों की आलोचना की है। सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फहरान अल साउद और पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की फोन पर हुई वार्ता के बाद जारी एक बयान में बताया गया कि दोनों देश ने महिलाओं के सभी अधिकारों और जीवन के हर क्षेत्र में उनकी समान भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जाहिर है, सऊदी अरब और पाकिस्तान उदार देश नहीं हैं। उनके यहां मजहबी आधार पर होने दमन की अपनी कहानियां चर्चित रही हैं। लेकिन अफगानिस्तान में हालात ऐसे हो गए हैं कि उसकी आलोचना करने के लिए वे भी मजबूर हुए हैं। तालिबान मुजरिमों को सार्वजनिक रूप से

## मैक्सिको जेल में हुए हमले में मरने वालों की संख्या 17 हुई

**मैक्सिको सिटी , एजेंसी।** मैक्सिको में उत्तरी चिहुआहुआ राज्य के सीमावर्ती शहर सियुडाड जुआरेज में स्थित एक जेल पर हुए हमले में मरने वालों की संख्या 17 हो गयी है, जिसमें 10 सुरक्षागार्ड शामिल हैं। राज्य अभियोजक का कार्यालय ने यह जानकारी दी है। कार्यालाय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि हमले के दौरान कुल 27 कैदी जेल फरार हो गए। इस हमले में 13 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 10 कैदी तथा तीन अधिकारी हैं।

मध्यम-सुरक्षा केंद्र फर सोशल रिइंसर्शन नंबर 3 पर हमला रविवार सुबह तड़के हुआ। इस दौरान बख्तरबंद वाहनों में आए सशस्त्र संदिग्धों ने जेल में सुरक्षा गार्डो पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी।

मैक्सिको के रक्षा मंत्री लुइस क्रेसेन्सियो सैंडोवाल ने कहा कि हमले के बाद जेल की तलाशी में 10 लक्जरी सेल, हथियार, ड्रग्स और 10.70 लाख से अधिक पेसोस (लगभग 87,000 अमेरिकी डलर) एक तिजोरी में रखे मिले। उन्होंने कहा कि जेल पर धावा बोलने वाले हमलावर लस मैक्सिकल्स नामक एक आपराधिक गिरोह के सदस्य हैं, जिसका काबोर्का कार्टेल से संबंध है। भागने वालों में उनके नेता अर्नेस्टो अल्फ्रेडो पिनोन शामिल हैं, जिन्हें एल नेटो के नाम से जाना जाता है।

## यूक्रेन में हवाई हमले की चेतावनी जारी हुई

**कीव , एजेंसी।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के किरोवोह्राद, निकोलायेव, खार्किव और निप्रपेट्रोस क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है। यूक्रेन के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के अनलाइन हवाई हमले के अलर्ट मानचित्र के अनुसार यूक्रेन नियंत्रित खेरसन और जापोरिज्जिया हवाई हमले के सायरन भी बजने लगे। उल्लेखनीय है कि रूस के क्रीमियन ब्रिज पर यूक्रेन के हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर, 2022 को रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर हमला करना शुरू किया था। पूरे यूक्रेन में बिजली, रक्षा उद्योग, सैन्य कमान और संचार सुविधाओं पर हमले किए गए। वहीं यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल ने 15 नवंबर 2022 को हमलों के बाद कहा कि देश के लगभग आधे पावर ग्रिड में सेवा ठप है। वहीं, राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने गत दिसंबर में कहा कि अब यूक्रेनी पावर ग्रिड को पूरी तरह से बहाल करना असंभव है।

## कोरिया बना सकता है 20 से 60 परमाणु हथियार

**सोल , एजेंसी।** उत्तर कोरिया 20 से 60 परमाणु हथियार बना सकता है। दक्षिण कोरिया की मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोरियाई प्रायद्वीप में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है क्योंकि उक्त कोरिया के नेता किम जोंग उन ने पिछले सप्ताह एक त्वरित परमाणु जवाबी हमले के लिए एक नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को विकसित करने का आदेश दिया था। उन्होंने देश के निपटान में परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। पश्चिमी देशों के विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि उक्त कोरिया के पास सितंबर तक करीब 20-30 परमाणु हथियार थे, लेकिन आईएनएसएस ने नोट किया कि नवंबर में इनकी संख्या बढ़कर 60 हो सकती है।

## जेएनवी में कक्षा 6 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**भरतपुर (एजेंसी)।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 29 अप्रैल को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा 2023 के लिए अनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।

### पीएम मोदी ने ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय से फोन पर की बात

# जलवायु, जी20 सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के साथ फोन पर बातचीत की। पीएम मोदी और किंग चार्ल्स तृतीय के बीच जलवायु कार्रवाई, जैव विविधता के संरक्षण और ऊर्जा परिवर्तन के वित्तपोषण के लिए अभिनव समाधानों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही भारत की जी20 अध्यक्षता, मिशन लाइफ बातचीत हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने राष्ट्रमंडल देशों और इसके कामकाज को और मजबूत करने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच बेहतर रूप में कार्य करने और द्विपक्षीय संबंधों को समृद्ध करने में ब्रिटेन में भारतीय समुदाय की भूमिका की भी सराहना की।बता दें कि भारत को अभी जी 20 की अध्यक्षता मिली है। इसको लेकर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई।

जी 20 को लेकर देश के अलग अलग शहर में बैठकों का दौर जारी है। जी 20 की अध्यक्षता के दौरान, भारत की कोशिश रहेगी कि सभी को एक साथ लेकर चलें। इसे लेकर कई देशों ने भारत से उम्मीद भी जताई है।आपको बता दें कि पीएम मोदी ने मिशन लाइफ पर अपने विचार सबसे पहले ग्लासगो में वर्ष 2021 में आयोजित काप (कांफ्रेंस आफ पार्टीज)- 26 में रखा था, जिसमें उन्होंने दुनिया भर को मिशन लाइफ से खुद को जोड़ने की पहल की थी। साथ ही नई पीढ़ी को इसके प्रति अभी से जागरूक करने पर जोर दिया था। खासकर स्कूलों में इसे शामिल करने का भी सुझाव दिया था।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर 6 गाडियां टकराई, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर मौत

**कुड्डालोर (एजेंसी)।** तमिलनाडु में सुबह-सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत की खबर है। हादसा त्रिची-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर तड़के हुआ। यहां छह वाहनों की आपस में टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। कुड्डालोर जिले के वेयपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस हादसे में 2 निजी बस, 2 लरी और 2 कारें आपस में टकरा गईं.

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हादसे में 5 लोगों की मौत मौके पर हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे में चालक समेत एक ही परिवार के 2 महिला और 2 बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि परिवार के मृतक सदस्य, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, एक कार में थे। हादसे की सूचना तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी गई।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री आशुतोष गंगल ने आज प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधको के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की । बैठक में गतिशीलता बढ़ाने पर ध्ध्यान केंद्रित करने, चल रहे शीतकालीन मौसम के दौरान सुरक्षित रेल परिचालन के लिए कोहरे के इंतजामों, विकासात्ध्मक कार्यों और मालभाड़ा लदान पर बल देने पर चर्चा की गयी ।

उन्होंने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है । महाप्रबंधक ने चल रहे शीतकालीन मौसम विशेषकर कोहरे के दौरान संरक्षा इंतजामों को बेहतर करने पर बल दिया । उन्होंने स्टेशनों पर फग सिग्नलों के पर्याप्त स्टाक को रखने, नियमित रात्रिकालीन निरीक्षण करने और गतिशीलता बढ़ाने संबंध्धी कार्यों की समीक्षा



करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि पटरियों में दरारों और वैल्ड़ों की निगरानी नियमित रूप से की जानी चाहिए और कोई गलती नहीं रहनी चाहिए । उन्होंने लोकोमोटिवों की उपलब्ध्धता तथा उनके समय से अनुरक्षण पर बल दिया । उन्होंने अप्रभावी वैगनों को स्ध्टक से हटाने के निर्देश दिए ।

उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा के साथ-साथ रेलगाडियों के निर्बाध परिचालन के लिए रेलपथों और रिले व पैनल रूमों में संरक्षा बनाए रखने पर बल दिया । उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर जोर दिया । उन्ध्होंने विभागाध्ध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता को बनाए रखकर और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालभाड़ा लदान की रफ्तार बनाए रखने के निर्देश दिए ।

उन्होंने किसी भी वजह से रेलगाडियों के रूकने पर चिंता जताई और अधिकारियों को गतिशीलता बेहतर करने के निर्देश दिए । फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के साथ परस्पर सम्पर्क बनाए रखना चाहिए । उन्होंने निर्देश दिए की बीडीयू को ग्राहकों के बीच भरोसे, सहयोग और आत्ध्मविश्ध्वास का माहौल बनाना चाहिए । उन्होंने रेलवे द्वारा दी जा रही रियायतों और उपायों को ग्राहकों तक पहुँचाने के भी निर्देश दिए । उन्होंने यह भी बताया कि हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्ध्न और अन्य मदों के लदान में वृद्धि हुई है ।

उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली में लड़की से दरिंदगी मामले में नया मोड़, स्कूटी पर 1 नहीं 2 लड़कियां थीं

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** बाहरी दिल्ली के कंझावला में कार से घसीट कर 20 वर्षीय युवती की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मोड़ यह है कि , मृतक लड़की के साथ स्कूटी पर एक और लड़की सवार थी। एक्सीडेंट के बाद दूसरी लड़की को भी चोटें आई थीं, जबकि कार में फंसी युवती को 13 किमी तक घसीटा गया था। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस आज दूसरी लड़की का बयान दर्ज कर सकती है। पुलिस ने लड़की को ट्रेस कर लिया है और उसका बयान भी दर्ज करेगी। लड़की का बयान मजिस्ट्रेट के सामने भी दर्ज होगा। सुल्तानपुरी कांड के पांचों आरोपियों ने जब कंझावला रोड पर जोंटी गांव के पास कार रोकी तो उन्होंने युवती को कार में फंसा देखा। आरोपियों ने युवती को कार के नीचे से निकाला और उसे खुले आसमान के नीचे सर्दी में वहीं दें ककर चले गए। युवती के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। आरोपियों की पहचान दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), ष्णन (27). मिथुन (26) और मनोज मित्तल (27) के रूप में हुई है।

विशेष पुलिस आयुक्त शालिनी सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया। सिंह, डीसीपी ईआ-डब्ल्यू जितेंद्र कुमार मीणा और अन्य कर्मचारियों के साथ अपराध स्थल पर पहुंचीं और 12 किलोमीटर लंबा रास्ता तय किया, जिस पर कार द्वारा महिला को घसीटा गया। गृह मंत्रालय ने सोमवार को सिंह के नेतृत्व में एक जांच समिति का गठन किया था, जो मंगलवार शाम तक मामले में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इससे पहले तीन डक्टरों की टीम ने मृतका का पोस्टमर्टम किया। पोस्टमर्टम रिपोर्ट बुधवार शाम तक सौंपी जाएगी। वहीं फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की दो टीमों ने भी घटनास्थल का दौरा किया और अपराध स्थल से साक्ष्य एकत्र किए। एफएसएल टीम ने पीडिघ्ता की स्कूटी और आरोपी की बलेनो कार से भी सैंपल लिए। हादसे के समय पीडिता स्कूटी चला रही थी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 28 इन्फ्रा परियोजनाओं का किया उद्घाटन

### सीमावर्ती राज्यों में बढ़ेगी सैन्य ताकत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सेना से जुड़े 28 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्री ने सैन्य तैयारियों और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और जम्मू-कश्मीर के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुलों और सड़कों सहित 28 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 724 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित परियोजनाओं का उद्घाटन अरुणाचल प्रदेश में अलोंग-यिंकिओनग रोड पर सियोम पुल पर आयोजित समारोह में किया। बता दें कि तवांग सेक्टर में कुछ दिनों पहले चीनी सैनिकों द्वारा घुसपैठ के प्रयासों के बाद सीमावर्ती राज्य की यह उनकी पहली यात्रा थी।

जानकारी के मुताबिक, परियोजनाओं में सियोम पुल, तीन सड़कों और तीन अन्य परियोजनाओं सहित 22 पुल शामिल थे। इनमें से आठ परियोजनाएं लद्दाख में, पांच अरुणाचल प्रदेश में, चार जम्मू-कश्मीर में, तीन-तीन सिक्किम, पंजाब और उत्तराखंड में और दो राजस्थान में शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में तवांग सेक्टर में एलएसी पर हमारे जांबाज जवानों ने काफी बहादुरी और मुस्तैदी के साथ दुश्मनों का सामना किया। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए संभव पो सका, क्योंकि इस क्षेत्र में पर्याप्त बुनियादी ढांचा है। उन्होंने कहा कि इससे हमें और भी दूरदराज के इलाकों में काम करने की मोटिवेशन मिलती है।

## देश में कोरोना से निजात पाने वालों की संख्या में हुई वृद्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से 222 लोग मुक्त हुए हैं, जिससे इस महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,45,667 हो गयी है और देश में स्वस्थ होने की दर 9880 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.11 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं।

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे अब इनकी संख्या बढ़कर 2,582 हो गयी है और सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है। इसी अवधि में कोरोना महामारी से किसी मरीज की मौत नहीं होने से मृतकों की संख्या 5,30,707 हो गयी है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है।

पिछले 24 घंटे में पांच राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है।

राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना संक्रमण के 10 सक्रिय मामले घटे हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 32 रह गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 19,80,684 हो गयी है। इसी अवधि में एक मरीज की मौत होने से राज्य में मृतकों की संख्या बढ़कर 26,521 हो गयी है।

केरल में नौ सक्रिय मामले घटने पर, यहां सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 1,435 रह गयी है। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,55,573 हो गई है और मृतकों की संख्या 71,558 स्थिर है।

कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के 31 सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 295 रह गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,31,488 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 40,308 पर बरकरार है।

### जानलेवा भगदड़ के बाद आंध्र प्रदेश सरकार का बड़ा फैसला

# अब सड़कों पर नहीं होगी जनसभाएं और रैलियां



**नेल्लोर, एजेंसी।** जन सुरक्षा का हवाला देते हुए आंध्र प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सड़कों पर जनसभाएं और रैलियों पर रोक लगा दी है। सरकार ने यह फैसला हाल ही में नेल्लोर में एक राजनीतिक दल की बैठक में 8 लोगों की मौत की घटना के आधार पर लिया है। सरकार ने निषेधाज्ञा आदेश पुलिस कानून, 1861 के प्रावधानों के तहत ये आदेश 1 जनवरी की देर रात को लागू किया है।

सरकार ने अपने आदेश में कहा, सार्वजनिक सड़कों और गलियों में जनसभा करने का अधिकार पुलिस कानून, 1861 की धारा 30 के तहत नियमन का विषय है।श प्रधान सचिव (गृह) हरीश कुमार गुप्ता ने सरकारी आदेश में संबधित जिला प्रशासन और पुलिस तंत्र से ऐसे स्थानों की पहचान करने के लिए कहा है जो जन सभाओं के लिए सार्वजनिक सड़कों से दूर हों, ताकि यातायात, लोगों की आवाजाही, आपात सेवाओं, आवश्यक सामान की आवाजाही आदि बाधित न हो।

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगू देशम पार्टी नेता एन चंद्रबाबू नायडू की एक जनसभा में 28 दिसंबर, 2022 की शाम भगदड़ मच गई। इस दौरान टीडीपी के 8 कार्यकर्ताओं की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, चंद्रबाबू नायडू की यह जनसभा नेल्लोर जिले के कंदुकुरु में आयोजित हुई थी। कंदुकुरु में आयोजित जनसभा में भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। इसी बीच धक्का-मुक्की हो गई और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी।

## हरियाणा में अनुसूचित आयोग के पदाधिकारियों ने किया पद ग्रहण

**चण्डीगढ (एजेंसी)।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल की अध्यक्षता में आज यहां अनुसूचित जाति आयोग के पदाधिकारियों का पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें चेयरमैन रविन्द्र बलियाना, वाईस चेयरमैन विजेन्द्र बडगुज्जर तथा रवि तारांवाली, मीना नरवाल एवं रतन लाल बामनियां ने बतौर सदस्य पद ग्रहण किया।

सहकारिता मंत्री ने आयोग के पदाधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि सरकार ने आयोग के पदाधिकारियों को समाज हितों के लिए जो जिम्मेवारी एवं दायित्व सौंपा हैं, उसे बखूबी निभाएंगे। इसके गठन से अनुसूचित जाति के पीडिघ्त लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित होगा।

# नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज की ओर दोबारा धकेल दिया: जेपी नड्डा

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पारू हाई स्कूल, वैशाली लोक सभा (मुजफ्फरपुर जिला, बिहार) में आयोजित विशाल जन सभा को संबोधित किया और बिहार की जनता से भ्रष्टाचारी महाठगबंधन वाली सरकार को उखाड़ दें क कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन वाली विकासोन्मुखी सरकार बनाने का आह्वान किया। नड्डा ने कहा कि बिहार ज्ञान की धरती है, तपस्वियों की भूमि रही है। यह राजनीतिक और सामाजिक आंदोलनों की भूमि रही है। बिहार से मेरा एक अलग ही संबंध रहा है। यह चाणक्य की धरती है, बुद्ध और महावीर की धरती है। लोकतंत्र की जननी वैशाली की धरा पर मैं आज आया हूँ। मैं इस पावन भूमि को नमन करता हूँ। रैली में वैशाली की जनता ने जिस तरह से उत्साह, उमंग और भाजपा के प्रति समर्थन का इजहार किया है, उससे यह निश्चित हो गया है कि बिहार बदलाव चाहता है, बिहार नई उमंगों के साथ खड़ा होना चाहता है।

बिहार की महान जनता ने राज्य में पूर्ण बहुमत से कमल खिलाने का निर्णय ले लिया है। भाजपा बिहार की जनता के साथ पूरी ताकत से खड़ी है।नीतीश कुमार पर करारा हमला करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि नीतीश कुमार ने एनडीए से अलग होने का जो फैसला लिया, वह उन्हें मुबारक लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ कि नीतीश कुमार ने क्या सोच कर फैसला लिया? क्या उन्हें बिहार की जनता का भला नहीं सोचना चाहिए था। मैं नीतीश कुमार के लिए उन शब्दों का प्रयोग कतई नहीं करूंगा जिन शब्दों के वे पर्यायवाची बन गए हैं। नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज की ओर धकेल कर बिहार की जनता के जनादेश का निरादर किया है, बिहार के जनादेश का अपमान किया है और बिहार की जनता को धोखा दिया है। आने वाले चुनाव में प्रजातांत्रिक तरीके से बिहार की जनता इस अपमान का करारा जवाब देगी, यह लोकतंत्र की धरा वैशाली का आह्वान है। नड्डा ने कहा कि हम बिहार में सत्ता भोगने या कुर्सी पर बैठने नहीं आये थे बल्कि हम बिहार की जनता की सेवा करने आये थे और जनता की सेवा ही हमारा एकमात्र ध्येय है।

# सड़क सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है साल 2023, स्पीड लिमिट समेत बदले जाएंगे यह नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व में हर साल जितनी सड़क दुर्घटनाएं होती हैं उनमें 11 प्रतिशत से अधिक हिस्सा भारत का है, दुर्घटनाओं और उनमें जान गंवाने वाले लोगों की संख्या के मामले में भारत का नंबर पहला है। इनमें कमी लाने की समयसीमा भी छूटती जा रही है, लेकिन इस साल तस्वीर बदल सकती है।

रोड और वाहन इंजीनियरिंग के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा के लिए कुछ अहम बदलाव इस साल प्रस्तावित हैं, जिन पर यह सही तरह अमल किया गया तो रोड एक्सीडेंट के मामले कम हो सकते हैं। चूंकि सड़क सुरक्षा के मामले में सबसे अधिक जिम्मेदारी राज्यों और उनकी एजेंसियों की है इसलिए उनकी मदद के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सात हजार करोड़ रुपये की योजना की तैयारी की है, जो मूल रूप से राज्यों को सड़क सुरक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रदान की जाएगी।

विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक की मदद से चलने वाली इस योजना में उन राज्यों को सबसे अधिक सहायता दी जाएगी जहां दुर्घटनाएं और मौत होने की दर सबसे अधिक है। वाहनों को सुरक्षित बनाने की दिशा में



भी इस साल दो अहम कदम उठाए जाएंगे। एक तो एम-वन श्रेणी के सभी वाहनों में एक अप्रैल से सभी फ्रंट फेसिंग सीटों के लिए थ्री प्वाइंट सीट बेल्ट अनिवार्य होगी और दूसरे, वाहनों में छह एयर बैग यानी ड्राइवर और आगे की सीट पर पैसेंजर के अतिरिक्त चार अन्य एक अक्टूबर से अनिवार्य होंगे। पहले इसे पिछले साल एक अक्टूबर से ही लागू होना था, लेकिन वाहन निर्माता कंपनियों ने इसके लिए और अधिक समय की मांग की थी, जिसके बाद उन्हें बीस माह का समय दे दिया गया था। वाहनों के लिए स्टार ग्रेडिंग की प्रणाली भी शुरू होगी। गाड़ी कितनी सुरक्षित है, इसके आधार पर उसकी रेटिंग तय की जाएगी। इससे वाहन निर्माता कंपनियों के बीच सेफ्टी फीचर्स की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू होगी। अगर वाहनों की ही बात करें तो एक अप्रैल से 15 साल पुराने सभी सरकारी वाहनों, जिसमें स्थानीय निकाय भी शामिल हैं, की अनिवार्य रूप से स्क्रैपिंग की जाएगी। इसके दायरे में राज्यों में परिवहन विभाग की बसें भी आएंगी। हालांकि निजी और अन्य व्यावसायिक वाहनों के लिए स्क्रैपिंग का विकल्प ऐच्छिक रहेगा।

यह माना गया है कि सड़क हादसों के लिए अपनी आयु पूरी कर चुके वाहन भी जिम्मेदार होते हैं। वाहनों की स्क्रैपिंग नीति दो साल पहले सामने आई थी, जिस पर इस साल से सही तरीके से अमल होगा। सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने के क्रम में मंत्रालय कई उपाय करने जा रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन समेत कई सेलिब्रिटी का सहयोग लिया जाएगा।

सड़क दुर्घटनाओं का डाटा एकत्र करने, खास तौर पर रिपोर्टिंग, मैनेजमेंट और एनालिसिस का केंद्रीय ढांचा बनाने के लिए इलेक्ट्रानिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट को पूरे देश में लागू किया जाएगा। इसी तरह हादसों के बाद पीडिघ्तों को मदद देने के लिए नीति आयोग चिकित्सा और बीमा से जुड़ी तमाम योजनाओं को एकीत रूप से लागू करने के लिए एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो इस साल अमल में आ सकता है। इसके तहत मार्ग दुर्घटनाओं के सभी पीडिघ्तों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जानी है।

# आईएलटी20 का यूएई में 13 जनवरी से होगा आगाज




नईदिल्ली, फरवरी 2021 में अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाने वाले एक नए रोमांचक टी20 लीग 'इंटरनेशनल लीग टी20' (आईएलटी20) को मंजूरी दी थी, लेकिन कोविड पाबंदियों के चलते इसे लागू करने में एक साल लग गया। अब दुबई में 13 जनवरी से इसकी धमाकेदार शुरुआत होने जा रही है।

पहले सीजन के लिए फिक्स्चर की घोषणा की गई है, जिसमें दुबई कैपिटल्स 13 जनवरी को पहले मैच में अबु धाबी नाइट राइडर्स के साथ भिड़ेगी। नई लीग का फाइनल 12 फरवरी को खेला जाएगा। सभी छह टीमें, जिसमें दुबई कैपिटल्स, अबु धाबी नाइट राइडर्स, गल्फ जायंट्स, एमआई अमीरात, शारजाह वारियर्स और डेजर्ट वाइपर शामिल हैं, लीग चरण के दौरान दो बार एक-दूसरे का सामना करेंगे, जिसके बाद चार प्ले-ऑफ मैच होंगे।

अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष और एशियाई क्रिकेट परिषद के बोर्ड सदस्य खालिद अल जरूनी ने कहा, हमारा बोर्ड (ईसीबी) इस नई टी20 लीग के साथ आगे बढने के लिए बहुत उत्साहित है, जो हमें विश्वास है कि यूएई में क्रिकेट की वृद्धि और लोकप्रियता को बढ़ावा देगी।

हम यह भी परिकल्पना करते हैं कि हमारे यूएई-आधारित खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और ऐसे अवसरों के माध्यम से अपना नाम बनाएं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लीग में प्रति टीम 2.5 मिलियन डॉलर की कुल सैलरी मैच है। यह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद इसे दुनिया का दूसरा सबसे अमीर टी20 टूर्नामेंट बनाता है।

सूत्रों के मुताबिक, लीग ने शीर्ष खिलाड़ियों के लिए 450,000 डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे यह आईपीएल के बाद खिलाड़ियों के लिए दूसरी सबसे आकर्षक टी20 लीग बन गई है। खिलाड़ियों को अन्य स्थानीय लीगों में मिलने वाली राशि का लगभग दोगुना भुगतान किया जाएगा।

उनके द्वारा कमाए गए पैसे पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। यह ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के बिल्कुल विपरीत है, जहां सबसे अधिक भुगतान पाने वाला खिलाड़ी प्रति सत्र 238,000 डॉलर से अधिक नहीं कमा सकता है। अब तक, शीर्ष खिलाड़ियों को भुगतान की जाने वाली राशि के मामले में केवल आईपीएल ही आईएलटी20 की बराबरी कर सकता है।

लीग की शुरुआत 13 जनवरी को एक कॉन्सर्ट से होगी, जहां बॉलीवुड और अंतर्राष्ट्रीय हस्तियों के परफॉर्म करने की उम्मीद है। सुपरस्टार रैपर बादशाह द्वारा गाया गया टीजर गाना टी20 लीग का एंथम सॉन्ग है। टूर्नामेंट में 84 अंतरराष्ट्रीय और 24 यूएई खिलाड़ी भाग लेंगे। फ्रेंचाइजी में अबु धाबी नाइट राइडर्स (कोलकाता नाइट राइडर्स), डेजर्ट वाइपर (लांसर कैपिटल), दुबई कैपिटल (जीएमआर), गल्फ जायंट्स (अडानी स्पोर्ट्सलाइन), एमआई अमीरात (रिलायंस इंडस्ट्रीज) और शारजाह वारियर्स (कैपरी ग्लोबल) शामिल हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, लीग ने खिलाड़ियों को सुरक्षित करने के लिए सभी बोडी के साथ चर्चा की है और उनके साथ काम करना जारी रखा है। मैच दुबई, अबु धाबी और शारजाह में विश्व स्तरीय क्रिकेट सुविधाओं में खेले जाएंगे। संयोग से, आईएलटी20 में छह टीमों में से पांच का स्वामित्व भारतीयों के पास है।

# राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने के बाद भारत के अगले कोच बन सकते हैं वीवीएस लक्ष्मण



नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) राहुल द्रविड़ का अनुबंध समाप्त होने के बाद वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के अगले मुख्य कोच होंगे, जो वर्तमान में 2023 वनडे विश्व कप तक चलेगा। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह विश्वसनीय रूप से पता चला है कि द्रविड़ को पुरुषों की टीम के मुख्य कोच के रूप में विस्तार पर विचार नहीं करना चाहिए, तो वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में क्रिकेट के प्रमुख लक्ष्मण को अगला मुख्य कोच बनाया जा सकता है।

द्रविड़ की अनुपस्थिति में 48 वर्षीय लक्ष्मण को भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। वह जून 2022 में आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के साथ-साथ इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम के साथ थे। वह संयुक्त अरब अमीरात में टी20 एशिया कप के 2022 सीजन के लिए भी भारतीय टीम के साथ थे, जब द्रविड़ कोरोना संक्रमित थे।

इसके तुरंत बाद अपने व्हाइट-बॉल दौरे के लिए टीम के मुख्य कोच के रूप में न्यूजीलैंड की यात्रा भी की थी। टी20 वर्ल्ड कप नवंबर 2022 में खत्म हुआ था। एनसीए में खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के अलावा, लक्ष्मण ने अपने सफल 2022 विश्व कप के लिए भी भारत अंडर-19 टीम के साथ यात्रा की थी और वेस्टइंडीज में अपने अभियान के दौरान युवा टीम के साथ बहुत सक्रिय भूमिका निभाई थी।

टीम में विभाजित कोचिंग की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी के लिए स्प्लिट कोचिंग नहीं होगी। क्या भारतीय क्रिकेट में पहले ऐसा हुआ है? जब से उन्होंने नवंबर 2021 में रवि शास्त्री से मुख्य कोच के रूप में पदभार संभाला है, द्रविड़ ने भारतीय टीम के साथ काम किया है।

वे टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार गए और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट और वनडे श्रृंखला हारने के अलावा 2022 टी20 एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंचे और पांचवें टेस्ट बर्मिंघम में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

# 'जिंदगी में चीजें हो जाती हैं और...', सौरव गांगुली ने ऋषभ पंत के लिए दिया विशेष संदेश



नई दिल्ली, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने उम्मीद जताई कि ऋषभ पंत जल्द ही चोटो से ठीक हो जाएं। याद दिला दें कि ऋषभ पंत का 30 दिसंबर को दिल्ली से रुड़की जाते समय गंभीर कार एक्सीडेंट हो गया था। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज को कई चोटे आईं और देहरादून के निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

सौरव गांगुली ने प्रमोशनल इवेंट से इतर कहा, 'मैं बस यही कह सकता हूं कि ऋषभ पंत जल्दी ठीक हो जाएं। आप जानते हैं कि जिंदगी में चीजें हो जाती हैं और आपको आगे बढ़ना होता है। उम्मीद है कि पंत जल्दी ठीक हो जाएंगे और जल्द ही क्रिकेट की राह पर लौट आएंगे।' पंत की चोटे देखते हुए लगता है कि उन्हें ठीक होने में छह महीने से ज्यादा का समय लग जाएगा।

नई पारी के लिए तैयार गांगुली

बता दें कि सौरव गांगुली अब क्रिकेट में दोबारा वापसी करने की तैयारी में हैं। गांगुली आइपीएल के अगले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह दिल्ली कैपिटल्स की अन्य फ्रैंचाइजी, टीम दुबई कैपिटल्स और रअ ळ20 लीग प्रिटोरिया कैपिटल्स की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

एक सूत्र ने बताया, 'हां सौरव गांगुली इस साल दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे। उन्होंने फ्रैंचाइजी के साथ पहले भी काम किया है, टीम मालिक और टीम के साथ उनका कंफर्ट अच्छा रहा है। 2019 सीजन में वह टीम के साथ मेंटॉर के रूप में काम कर चुके हैं।

## जारी किया टेंडर, 21 जनवरी है आखिरी तारीख

नई दिल्ली, बीसीसीआइ ने वुमेन आइपीएल के पहले सीजन की दिशा में एक और कदम उठाते हुए टीम के मालिकाना हक पाने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। मंगलवार को बीसीसीआइ ने इसके लिए टेंडर जारी किए हैं। वुमेन आइपीएल का पहला सीजन 3 मार्च से 26 मार्च के बीच खेला जा सकता है।

बीसीसीआइ ने अपने स्टेमेंट में कहा "कोई भी प्रतिष्ठित संस्थाएं इस वुमेन आइपीएल में अपना टीम खरीदने के लिए 21 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

बीसीसीआइ ने टेंडर की कीमत 5 लाख रुपए रखी है। इस राशि के अलावा खरीददार को जीएसटी अलग से देना होगा।

यह रकम रिफंडेवल नहीं होगी। बीसीसीआइ के इसके नियमों में कभी भी फेरबदल कर सकती है।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं स्टार्क



मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क बाएं हाथ की चोट के कारण भारत के खिलाफ फरवरी में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। स्टार्क ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद गुरुवार को कहा, भारत हमारा अगला बड़ा दौरा है और हमें देखना होगा कि चोट के ठीक होने की समय-सीमा क्या है।

यह मेरा गेंदबाजी वाला हाथ है, इसलिये मुझे थोड़ी सावधानी बरतनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि चोट पूरी तरह ठीक हो जाए। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये बॉक्सिग डे टेस्ट के पहले दिन कैच लेने की कोशिश करते हुए स्टार्क के बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गयी। स्टार्क ने इसके बाद भी मैच में हिस्सा लिया, हालांकि वह अनिश्चितकाल के लिये टीम से बाहर हो गये हैं। स्टार्क के साथी कैमरन ग्रीन भी दाएं हाथ की उंगली फ्रैक्चर होने के कारण अनिश्चितकाल के लिये क्रिकेट से दूर हो गये हैं, हालांकि भारत में होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले उनके फिट होने की संभावना है।

स्टार्क ने कहा, विडंबना यह है कि ग्रीन मुझसे पहले टीम में वापस आ जायेंगे। मांसपेशियों की तुलना में हड्डियां ज्यादा जल्दी ठीक होती हैं। मेरा खयाल है कि हम दोनों एक ही डॉक्टर के पास जायेंगे। उन्होंने कहा, सभी को उम्मीद है कि मैं भारत दौरे के शुरुआती हिस्से से ही बाहर रहूंगा। ज़ाहिर है कि यह मेरी चोट के ठीक होने पर निर्भर करेगा। स्टार्क ने चोट के बावजूद दूसरी पारी में 18 ओवर फेंकते हुए एक विकेट लिया। ग्रीन ने भी पहली पारी में अर्द्धशतक जड़ा, हालांकि टीम के डॉक्टरों ने उन्हें गेंदबाजी करने की सलाह नहीं दी।

कप्तान पैट कमिस ने चोटों के बावजूद योगदान देने के लिये स्टार्क और ग्रीन की प्रशंसा करते हुए कहा, यह शायद इस सप्ताह सभी अविश्वसनीय उपलब्धियों का जिक्र करने का अच्छा समय है। स्टार्क उंगली की चोट के कारण खेल से दूर होने जा रहे हैं, फिर भी मैदान में जाकर खेलना बहादुरी की बात है। कैम ग्रीन भी टीम के लिये बहादुरी से खेले। टीम के सभी खिलाड़ी एक दूसरे के लिये कुछ भी करने को तैयार हैं जो हमें बहुत अच्छी स्थिति में पहुंचा देता है।

# फिल्मी गपशप

## सामंथा रुथ की शाकुंतलम की नई रिलीज डेट जारी, हिंदी में भी आएगी फिल्म

सामंथा रुथ प्रभु आए दिन किसी न किसी वजह के चलते सुर्खियों में रहती हैं। एक तरफ उनकी खराब सेहत चर्चा में है तो दूसरी तरफ उनकी फिल्में। उनकी फिल्म शाकुंतलम का भी बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, क्योंकि यह एक पैन इंडिया फिल्म है। अब इसका नया पोस्टर सामने आने के साथ-साथ इसकी नई रिलीज डेट का ऐलान भी हो गया है। खुद सामंथा ने यह जानकारी दी है। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी शाकुंतलम।

सामंथा ने इंस्टाग्राम पर अभिनेता देव मोहन के साथ इस फिल्म का नया पोस्टर साझा कर लिखा, अपने असपास के सिनेमाघरों में 17 फरवरी, 2023 को इस अनोखी प्रेम कहानी के साक्षी बनें। फिल्म शाकुंतलम 3डी में भी रिलीज हो रही है। सामंथा के इस पोस्ट से प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। पहले यह फिल्म 4 नवंबर, 2022 को दर्शकों के बीच आने वाली थी, लेकिन इसके आने में देरी हुई, ताकि दर्शक 3डी में इसका लुत्फ उठा सकें। देव मोहन एक लोकप्रिय एक्टर और मॉडल हैं, जो मलयालम फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। सूफियुम सुजातायुम और पंथरांदु जैसी मलयालम फिल्मों में उन्होंने अपने काम के जरिए दर्शकों से खूब वाहवाही बटोरी थी। शाकुंतलम देव मोहन की पहली तेलुगु फिल्म है। महाकवि कालिदास के संस्कृत नाटक अभिज्ञानशाकुन्तलम पर आधारित इस फिल्म में शकुंतला और दुष्यंत की प्रेम कहानी को दिखाया जाएगा। शाकुंतलम तेलुगु के अलावा हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। फिल्म में सामंथा, शकुंतला की भूमिका में नजर



आने वाली हैं, वहीं देव मोहन राजा दुष्यंत की भूमिका में हैं।गुनाशेखर इस फिल्म के निर्देशक हैं। फिल्म में सचिन खेडेकर, कबीर बेदी, डॉ.एम.मोहन बाबू, प्रकाश राज, मधुबाला, गौतमी, अदिति बालन, अनन्या नगल्ला और जीशु सेनगुप्ता भी दिखाई देंगे।

इसके जरिए साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की छह साल की बेटी अल्लू अरहा फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। अल्लू ने सोशल मीडिया पर यह ऐलान कर लिखा था, अल्लू परिवार के लिए यह गर्व की बात है कि परिवार की चौथी पीढ़ी अल्लू अरहा शाकुंतलम से फिल्मों में अपनी शुरुआत करने जा रही है। सामंथा संग मेरी फिल्मी यात्रा खास रही है। मैं खुश हूं कि अरहा, सामंथा के साथ उनकी फिल्म से डेब्यू कर रही है। सामंथा जल्द ही तेलुगु फिल्म कुशी में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। इस तेलुगु रोमांटिक फिल्म में उनके साथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा नजर आएंगे। फिल्म अगले साल रिलीज होगी। शिव निर्वाण इस फिल्म के निर्देशक हैं। इसके अलावा एक हिंदी फिल्म आराध्या उनके खाते से जुड़ी है। सामंथा अंतरराष्ट्रीय सीरीज सिटाडेल के हिंदी वर्जन में वरुण धवन के साथ काम करने को लेकर भी चर्चा में हैं। उनकी टीम इस खबर पर अपनी मोहर लगा चुकी है।

## गांधी गोडसे एक युद्ध का टीजर जारी, इस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म




जाने-माने निर्देशक राजकुमार संतोषी पिछले लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म गांधी-गोडसे एक युद्ध को लेकर चर्चा में हैं। दर्शक ब्रेसबी से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। हाल ही में जारी टीजर में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे की विपरीत विचारधारा की लड़ाई को दिखाया गया है। संतोषी नौ साल बाद फिल्म गांधी-गोडसे एक युद्ध के साथ सिल्वरस्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं।

26 जनवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही इस फिल्म में महात्मा गांधी का किरदार अभिनेता दीपक अंतानी निभाएंगे, जबकि चिन्मय मंडलेकर फिल्म में नाथूराम गोडसे की भूमिका में नजर आएंगे। गांधी गोडसे एक युद्ध की कहानी असगर वजाहत और राजकुमार संतोषी ने लिखी है और मनीला संतोषी ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। इसमें मशहूर संगीतकार एआर रहमान अपना संगीत देंगे। बता दें, संतोषी के निर्देशन की आखिरी फिल्म फटा पोस्टर निकला हीरो 2013 में आई थी।

००

## नए साल पर यात्री की शूटिंग में व्यस्त होंगी चाहत खन्ना




टीवी अभिनेत्री चाहत खन्ना का नया साल व्यस्त रहेगा क्योंकि वह अपनी आगामी फिल्म यात्री की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा, चाहत खन्ना कुछ देशों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रखने के लिए भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने के लिए सावधानी बरत रही है। चाहत खन्ना ने कहा कि इस बार मैं अपनी फिल्म यात्री की शूटिंग कर रही हूं। कुछ हिस्सों की शूटिंग हमने दिसंबर में बैंकॉक में की थी लेकिन पैचवर्क अभी भी बाकी है, हम जनवरी में दिल्ली में शूटिंग करने जा रहे हैं। मैं इस नए प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हूं और उम्मीद है कि जल्द ही इसे पूरा कर लूंगी। मैंने खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रखने के लिए कमर कस ली है।

ह्यकुमकुमह्ल, ह्यकाजलह्ल और ह्यकुबूल हैह्ल में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली चाहत खन्ना ने कहा कहा कि मेरी तमाम कोशिशों के बावजूद 2022 निजी तौर पर मेरे जीवन में कई झटके लेकर आया है, जबकि मैंने पेशेवर मोर्चे पर बहुत कुछ सीखा।

## दुबई में सिद्धार्थ-कियारा ने करण जौहर और मनीष मल्होत्रा के साथ नया साल मनाया

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने दुबई में फिल्म निर्माता करण जौहर और फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ नया साल 2023 मनाया। रिपोर्ट के अनुसार, सद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी 6 फरवरी 2023 को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम से समारोहों की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में सिद्धार्थ और करण को ऑल-ब्लैक लुक में देखा जा सकता है, वहीं नए साल की पार्टी के दौरान कियारा आडवाणी को भी एक शिमरी ग्रीन ड्रेस में देखा गया। कैप्शन में मनीष ने लिखा, आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। वहीं करण जौहर ने भी नए साल की पार्टी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरीज सेक्शन में भी शेयर कीं हैं। तस्वीरों में उन्होंने रानी मुखर्जी के साथ पोज दिया, जिन्होंने अपनी आंखों पर मास्क लगाया



हुआ था। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की बात करें तो दोनों को पहली बार पर्दे पर साल 2021 में आई फिल्म ह्यशेरशाहह्ल में साथ देखा गया था। हालांकि, उन्होंने अपनी शादी की अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया है, लेकिन दोनों ने ने मीडिया से बातचीत में एक-दूसरे के बारे में प्यार से बात की है।गौरतलब है कि अभिनेत्री कियारा आडवाणी को हाल ही में विक्की कौशल और भूमि पेडनेकर के साथ ह्यगोविंदा नाम मेराह्ल में देखा गया था,

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com